बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 169 | गुरुवार 10 अक्टूबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## [सुविचार]




## संक्षिप्त समाचार




### जम्मू-कश्मीर में हारकर भी जीत गई बीजेपी....जाने कैसें

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेस और कांग्रेस के गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पा लिया है। हालांकि उसके बाद भी वोटिंग प्रतिशत में वे बीजेपी से पिछड़ गई। 10 सालों बाद जम्मू कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी वोटिंग प्रतिशत में शीर्ष पर है। जम्मू कश्मीर के 90 सीटों पर हुए चुनाव में बीजेपी ने अबतक का सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। बीजेपी जम्मू कश्मीर में 29 सीट जीतकर मजबूत विपक्ष बन गई है। साथ ही वोटिंग प्रतिशत में उमर अब्दुला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस को भी पीछे छोड़ दिया है। चुनाव आयोग के अनुसार बीजेपी को सबसे अधिक 25.64 फीसदी वोट मिले हैं। जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस को 23.43 फीसदी वोट मिले हैं। बता दें कि पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन की सरहाना भी की। उन्होंने लिखा मुझे जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन पर गर्व है। मैं उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारी पार्टी को वोट दिया और हम पर भरोसा जताया। मैं लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि हम जम्मू-कश्मीर के कल्याण के लिए काम करते रहने वाले है। मैं अपने कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों की भी सराहना करता हूं।

### विदेशी दौरा रद्द करने पर ट्रैवल कंपनी को एडवांस राशि जप्त करने का अधिकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने एक फैसला दिया है। उसके अनुसार विदेशी टूर पैकेज को लेकर ट्रैवल कंपनियों के बीच होने वाले विवाद के लिए इस महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोग ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है। विदेशी दौरे के लिए यदि ट्रैवल एजेंट को कोई एडवांस राशि दी गई है। उस दोरे को यदि किसी कारण से रद्द कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में वह ट्रैवल एजेंट से अपना एडवांस वापिस मांगने का हकदार नहीं होगा। राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने अपने फैसले में कहा है। विदेशी दौरे के लिए ट्रैवल एजेंसी को टूर के लिए बुकिंग पहले करनी पड़ती है। उसके लिए ट्रैवल एजेंसी को एडवांस देना पड़ता है।यदि दौरा रद्द होता है, तो एडवांस की राशि वापस नहीं होती है।विदेश में एडवांस पेमेंट 45 दिन पहले होता है।जो नॉन रिफंडेबल होता है। चेन्नई के डॉक्टर एस नागराजन ने परिवार के साथ यूरोप घूमने का प्लान बनाया था। 2010 में उन्होंने टूर बुक किया था।ट्रैवल एजेंसी को ₹90000 एडवांस दिए थे।वीजा नहीं मिलने पर टूर कैंसिल हो गया था। ट्रैवल कंपनी मेक माई ट्रिप ने एडवांस राशि वापस नहीं की। राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने अपने फैसले पर कंपनी पर लगाया हुआ जुर्माना रद्द करते हुए यह फैसला दिया है।

### हरियाणा के बाद महाराष्ट्र पर पीएम मोदी का फोकस......7600 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

मुंबई। महाराष्ट्र में बहुत जल्द विधानसभा चुनाव होने है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र को 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। पीएम मोदी ने कुल 7000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट नागपुर के अपग्रेडेशन परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके प्रधानमंत्री मोदी ने शिरडी एयरपोर्ट पर 645 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले नए एकीकृत टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी। इसके बनने से शिरडी आने वाले धार्मिक पर्यटकों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। प्रस्तावित टर्मिनल के निर्माण की थीम साईं बाबा के आध्यात्मिक नीम के पेड़ पर आधारित है।पीएम मोदी ने इसके साथ ही मुंबई, अंबरनाथ (ठाणे), नासिक, जालना, अमरावती, गढ़चिरौली, बुलढाणा, वाशिम, भंडारा और हिंगोली में स्थित 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के संचालन का शुभारंभ किया। ये कॉलेज अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सीटों को बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा भी प्रदान करने वाले है। भारत क विश्व की कौशल राजधानी के रूप में स्थापित करने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, प्रधानमंत्री भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) मुंबई का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा पीएम मोदी महाराष्ट्र के विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) का भी उद्घाटन किया। वीएसके शिक्षकों, छात्रों और प्रशासकों को स्मार्ट उपस्थिती, सेल्फ स्टडी जैसे लाइव चैटबॉट के माध्यम से महत्वपूर्ण शैक्षणिक और प्रशासनिक डेटा तक पहुंच प्रदान करेगा।

# हरियाणा चुनाव में दिखा नारी शक्ति का जलवा.....

**▸▸ 13 महिला प्रत्याशी निर्वाचित ▸▸ विनेश फोगाट, सावित्री जिंदल और पूजा चौधरी के चर्चे**

**नई दिल्ली।**

हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा में इस बार 13 महिला प्रत्याशी निर्वाचित हुई हैं। राज्य में पांच अक्टूबर को हुए चुनाव में 464 निर्दलीय और 101 महिलाओं सहित कुल 1,031 उम्मीदवार मैदान में थे। राज्य विधानसभा में निर्वाचित हुईं पांच महिला विधायक भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), सात कांग्रेस से और एक निर्दलीय हैं। विनेश फोगाट की चर्चा सबसे ज्यादा- कांग्रेस प्रत्याशियों में शामिल विनेश फोगाट ने जुलाना विधानसभा सीट से चुनाव जीता है। वह एक इंटरनैशनल कुश्ती खिलाड़ी हैं।

**पति वरुण की हार का बदला पूरा:**

पूजा मुलाना विधानसभा सीट से जीतकर विधायक बनी हैं। पूजा चौधरी ने 12865 मतों से बीजेपी प्रत्याशी संतोष सारवान को हराया है। पूजा के पति पिछली बार चुनाव हार गए थे।

**राव की बेटी जीतीं**

आरती सिंह ने अटेली सीट से जीत हासिल की। वे केंद्रीय मंत्री राव इंदरजीत सिंह की बेटी हैं।

**8वीं पास शैली चौधरी बनी विधायक**

कांग्रेस की शैली चौधरी ने नारायणगढ़ सीट से जीती हैं। उन्होंने बीजेपी के पवन सैनी को हराया है। शैली महज 8वीं तक पढ़ी हैं।

**रेनू ने सढौरा से बनाया रिकॉर्ड**

रेनू बाला ने सढौरा सीट से जीत हासिल की है। रेनू बाला ने एक और रिकॉर्ड बनाया है। वह लगातार दो बार महिला विधायक बनने वाली जिले की पहली महिला बन गई हैं।

**कांग्रेस की बागी श्रुति को बीजेपी ने दिया टिकट**

भाजपा उम्मीदवार श्रूति चौधरी ने तोशाम से विजयी परचम लहराया। चौधरी भी भाजपा सांसद किरण चौधरी की बेटी हैं।

**राई से जीतीं कृष्णा गहलावत**

कृष्णा गहलावत ने राई विधानसभा सीट से जीत दर्ज की।

**कालका पर शक्ति ने दिखाया दम-**

भाजपा प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा ने कालका सीट से जीत दर्ज की।

**लगातार 5वीं बार बनीं विधायक**

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी गीता भुक्कल ने झज्जर सीट से जीत हासिल की। यह लगातार पांचवी बार है, जब गीता विधायक बनी हैं।

**नवीन जिंदल की मां हैं सावित्री जिंदल**

निर्दलीय प्रत्याशी सावित्री जिंदल ने हिसार सीट से जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस के राम निवास राड़ा को 18941 मतों के अंतर से हराया। जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद एवं उद्योगपति नवीन जिंदल की मां हैं।

**रेनू डाबला को हरा विधायक बनीं शकुंतला**



शकुंतला खटक ने कलानौर सीट से जीत दर्ज की। उन्होंने बीजेपी की रेनू डाबला को हराया है।

**कांग्रेस की पर्ल को हराकर जीतीं बिमला चौधरी**

भाजपा की बिमला चौधरी ने पटौदी विधानसभा सीट से जीत दर्ज की। बिमला ने कांग्रेस की पर्ल चौधरी को हराया है।

## बंपर जीत के बाद पीएम मोदी से मिले सैनी......
# दोनों ने एक-दूसरे को दिया जीत का श्रेय

**नई दिल्ली।**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद अब राज्य में सियासी हलचल तेज है। नई सरकार के गठन को लेकर भाजपा नेताओं में मुलाकात का दौरे शुरू हो गया है। इस बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात प्रधानमंत्री आवास पर हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने उन्हें शानदार जीत मिलने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुलाकात की फोटो भी शेयर की है।

पीएम मोदी ने लिखा, हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी जी से मिला और चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होगी। इसके पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी पीएम मोदी से मुलाकात के बाद मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि इस प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में ऐसी नीतियां और योजनाएं चलाई हैं जिसका लाभ गरीब व्यक्ति को सीधा लाभ मिला है, किसान को मिल रहा है, युवा को भी मिल रहा है, और महिला को मिल रहा है। यह पीएम मोदी की लोकप्रियता का परिणाम है, उन्हें देश के लोग प्यार करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा ने हरियाणा में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से आई है।

सीएम सैनी ने कहा कि मैं हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने पीएम मोदी की नीतियों पर मुहर लगाई। हरियाणा भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का भी दिल से आभार व्यक्त करता हूं।



जिन्होंने इतनी कड़ी मेहनत की और डबल इंजन सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। उनकी मेहनत के कारण ही हम तीसरी बार सत्ता में आए हैं। इसके पहले पीएम मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर एक्स पोस्ट में लिखा, हरियाणा का हृदय से आभार! भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ने वाले है।

## भारत खरीद रहा एमके-54 लाइटवेट टॉरपीडो, घबराया चीन

**- अमेरिका का यह टॉरपीडो प्रेसिजन-किल रॉकेट से है लैस**

**नई दिल्ली।**

भारतीय नौसेना की गिनती दुनिया की टॉप 10 नेवी में होती है। अब इसकी और ताकत बढ़ाने के लिए भारत अमेरिका से 53 एमके-54 लाइटवेट टॉरपीडो खरीदेगा जिनकी कीमत 175 मिलियन डॉलर है। ये टॉरपीडो भारत के नए एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टरों के लिए है। बाइडन प्रशासन का कहना है कि यह सौदा दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत करेगा। इससे भारत की सुरक्षा और बेहतर होगी।

अमेरिका ने कहा कि भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए अहम है। नए टॉरपीडो से भारत की नौसेना मजबूत होगी। वे पनडुब्बियों से होने वाले खतरों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। भारत ने मार्च में छह एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर शामिल किए थे। ये हेलीकॉप्टर हेलफायर मिसाइल, एमके-54 टॉरपीडो और प्रेसिजन-किल रॉकेट से लैस हैं।

अगले साल तक भारत को 24 और सीहॉक मिलेंगे। ये सभी हेलीकॉप्टर फरवरी 2020 में हुए 15,157 करोड़ के सौदे का हिस्सा हैं। सीहॉक हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक हैं।

इनमें मल्टी-मोड रडार और नाइट-विजन उपकरण भी लगे हैं। ये हेलीकॉप्टर युद्धपोतों से संचालित हो सकते हैं। नौसेना अधिकारियों का कहना है कि सीहॉक दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें मारने में सक्षम है। दोनों देश हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर चिंतित हैं।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वाले लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं.:-9811733838




**गस्ती तलाश अज्ञात शव**

दि0 09.10.2024 को PRV 3781 द्वारा सूचना दी कि एक अज्ञात व्यति का शव सेक्टर 63 A सर्विस रोड पर मिला है। उक्त सूचना पर चौकी प्रभारी बहलोलपुर ने मौके पर पहुंचकर देखा तथा आस पास के लोगों के द्वारा बताया गया की यह पागल व्यक्ति था जो यही सेक्टर में घूमता रहता था और मांग मांग कर खाता रहता था। मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं है तथा मृतक शरीर से काफी कमजोर है। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर रपट नं0 13 समय 08.41 बजे पर तस्करा दर्ज किया गया। उक्त प्रकरण की जांच मुझ उ0नि0 कृष्ण कुमार द्वारा की जा रही है।



**हुलिया**:- आंख, नाक, कान औसत, लम्बाई करीब 5 फुट, उम्र करीब 40 वर्ष।

**कपडे**:- हरी टी-शर्ट, काला पैन्ट पहने है।

**उक्त के सम्बन्ध में किसी थाना पर सूचना प्राप्त हो तो थाना थाना सैक्टर 63 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के निम्न मोबाइल नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।**

**मोबाइल नम्बर- 8595902612**
**मोबाइल नम्बर- 8851066514**

(अवधेश प्रताप सिंह)
प्रभारी निरीक्षक
थाना सैक्टर 63
कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

(कृष्ण कुमार)
उ0नि0/जांच कर्ता
थाना सैक्टर 63
कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

# दोहरी नागरिकता पर दोहरा टैक्स सही: आयकर ट्रिब्यूनल

**नई दिल्ली।**

हाल ही में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण ने एक व्यक्ति जो भारत और अमेरिका दोनों का नागरिक था। इस मामले में,अपीलीय न्यायाधिकरण (ITAT) ने दोहरी नागरिकता के मामले में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। अमेरिकी नागरिक ने 2012-13 में भारत में 183 से अधिक दिन बिताए। जिससे वह भारतीय कर के लिए जिम्मेदार हो गए।अमेरिकी नागरिकता के कारण वे अमेरिका में भी कर की देयता के लिए जिम्मेदार माने गए।

इस मामले में जिस व्यक्ति के ऊपर भारतीय कर अधिनियम के तहत करारोपण किया गया था। उसने तर्क दिया, उनके परिवार के अधिकांश सदस्य अमेरिकी नागरिक हैं। उनकी बड़ी निवेश राशि अमेरिका में है। उसने अमेरिकी नागरिक की स्थिति मे दलील दी,कहा अमेरिकी नागरिक होने के आधार पर उन पर भारत में आयकर नहीं लगाया जा सकता है। आयकर विभाग ने तर्क दिया, व्यक्ति का परिवार मुंबई में रहता है।वह भारत में एक निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण ने कहा, कर निर्धारण व्यक्तिगत और आर्थिक संबंधों के आधार पर किया जाता है। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ 2009 में एक फिल्म वितरण कंपनी की सह-स्थापना की थी। इस करण आयकर विभाग ने जो कर




आरोपित किया है,वह सही है। इस निर्णय ने यह स्पष्ट किया, कर निर्धारण केवल नागरिकता पर आधारित नहीं होता है।व्यक्तिगत और व्यवसायिक संबंधों पर निर्भर करता है।

यह मामला अंतरराष्ट्रीय कराधान की जटिलता के कारण महत्वपूर्ण फैसला है। कर विशेषज्ञों का कहना है, ऐसे मामलों में कर निर्धारण के लिए स्पष्टता आई है।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी मायावती के हाथ आयी निराशा, वोट प्रतिशत और गिरा

**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के बाद अब हरियाणा में भी बहुजन समाज पार्टी को भारी निराशा हाथ लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) से गठबंधन किया था, लेकिन उसका यह दांव काम नहीं आया। गठबंधन के बावजूद बसपा यहां एक भी सीट नहीं जीत सकी और वोट प्रतिशत में भी बड़ी गिरावट आई है। बसपा को यहां 1.82 फीसीद वोट मिले हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा का वोट प्रतिशत 4.21 था। बसपा का काफी पहले से हरियाणा में जनाधार रहा है, लेकिन 2009 के बाद से इसमें गिरावट आई है। बसपा का वोट प्रतिशत 2009 में 6.76 था जो अब गिरकर 1.82 फीसदी पर आ गया है। बसपा ने 2009 में दो और 2014 में एक सीट पर जीत हासिल की थी। इसके बाद से वह एक सीट के लिए भी तरस रही है। बसपा इस बात पर जरूर संतोष कर सकती है कि लोकसभा चुनाव 2024 में हरियाणा में उसका वोट प्रतिशत 1.28 प्रतिशत था, जो अब 1.82 फीसदी हो गया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बसपा प्रमुख मायावती ने इनेलो के साथ चार संयुक्त सभाएं की थीं। इस चुनाव में उन्होंने आकाश आनंद को आगे किया था। वह भी रथ लेकर निकले और गांव-गांव चौपाल लगाईं, लेकिन प्रदर्शन में कोई सुधार आने की जगह पहले से भी खराब रहा। इससे पहले लोकसभा चुनाव में भी आकाश ने सभाएं की थीं, लेकिन उनको चुनाव के



बीच में ही पद से हटा दिया गया था। हरियाणा चुनाव से पहले उनको एक बार फिर अहम जिम्मेदारी दी गई, लेकिन वह कुछ करिश्मा नहीं कर सके। उधर, बसपा के साथ गठबंधन करके इनेलो को जरूर फायदा हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव में इनेलो को एक सीट मिली थी। इस बार उसने दो सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि वोट प्रतिशत में भी इजाफा हुआ है। इनेलो को पिछले लोकसभा चुनाव में 2.41 फीसदी वोट मिले थे। इस बार उसे 4.14 फीसदी वोट मिले हैं।

# चुनाव परिणामों पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया, घाटी का शुक्रिया

**हरियाणा में आयोग से शिकायत**

**नई दिल्ली।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया दी है। एक ओर जहां राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की जीत पर लोगों का शुक्रिया किया। वहीं हरियाणा चुनाव के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण करने की बात कही। साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। राहुल गांधी ने पोस्ट में लिखा, जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया, प्रदेश में इंडिया की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। उन्होंने लिखा, हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणावासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद।

इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा, जम्मू और कश्मीर के लोगों को कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को सेवा का मौका देने के लिए धन्यवाद। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को शानदार जीत की बधाई।

यह जनमत जम्मू और कश्मीर के लोगों ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों, जनता के अधिकारों का हनन और उत्पीड़न तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ दिया है।

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित है।

पार्टी इस जनमत का आकलन कर रही है। हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं से बात कर, पूरी जानकारी मिलने और तथ्यों को जांच लेने के बाद पार्टी की तरफ से विस्तृत प्रतिक्रिया आएगी। हम हरियाणा के लोगों को कांग्रेस पार्टी



को वोट देने के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है। तानाशाही से हमारी लड़ाई लंबी है।

# हरियाणा में जीतते जीतते क्यों हार गई कांग्रेस..!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

कांग्रेस पार्टी के भीतर गुटबाजी ने कार्यकताओं तक को एक दूसरे से दूर रखा। इस गुटबाजी को साफ तौर पर देखा भी गया है।कांग्रेस पार्टी के तीन वरिष्ठ नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला के समर्थकों में एक राय न होना , तीनों ही नेताओं के कार्यकर्ता अपने अपने नेताओं को सीएम पद की दौड़ में सबसे आगे देखने की होड़ के चलते यह लुटिया डूबी है।

हरियाणा के चुनाव परिणाम और रुझानों ने एक बार फिर एग्जिट पोल को झूठा साबित कर दिया है ।यहां बीजेपी लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने जा रही है। अभी तक के रुझानों के हिसाब से बीजेपी पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है। हरियाणा को लेकर जारी एग्जिट पोल पर खुशी मनाते कांग्रेस के कार्यकताओं के लिए मतगणना का दिन अच्छा नहीं रहा। जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम भी कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत ज्यादा खुशी लेकर नहीं आए हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हो रही है।यहां उमर अब्दुल्ला को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।भाजपा यहां मजबूत विपक्ष के रूप में उभरी है।कांग्रेस पार्टी जम्मू कश्मीर के चुनाव में जम्मू क्षेत्र में यदि अच्छा प्रदर्शन करती तो शायद यह पार्टी और उसके भविष्य के साथ साथ गठबंधन की सरकार को मजबूती प्रदान करता ,लेकिन परिणाम उसके उलट ही रहे है।हार के कारणों को गिने तो 10 सालों से सत्ता से बाहर रही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता कुछ शिथिल पड़ गए हैं। पार्टी ने चुनाव के लिए देर से कमर कसती है। 10 सालों में राज्य में कांग्रेस पार्टी बीजेपी सरकार की कमी और लोगों के मुद्दों को जोरदार ढंग से उठा नही पाई। लोकसभा चुनाव में हालांकि कांग्रेस ने बेहतर परिणाम दिए थे और हरियाणा राज्य की 10 में से 5 सीटों पर जीत दर्ज की थी।कांग्रेस पार्टी के भीतर गुटबाजी ने कार्यकताओं तक को एक दूसरे से दूर रखा । इस गुटबाजी को साफ तौर पर देखा भी गया है।कांग्रेस पार्टी के तीन वरिष्ठ नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला के समर्थकों में एक राय न होना , तीनों ही नेताओं के कार्यकर्ता अपने अपने नेताओं को सीएम पद की दौड़ में सबसे आगे देखने की होड़ के चलते यह लुटिया डूबी है। रणदीप सुरजेवाला की ओर से भले ही कोई बयान न आया हो, लेकिन हरियाणा राज्य की कांग्रेस पार्टी की राजनीति में वह भी एक धुरी बन गए थे. वहीं, भूपिंदर सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा के बीच की कड़वाहट सार्वजनिक मंचों पर देखने को मिल रही थी। दोनों ही नेताओं की सीएम बनने की इच्छा उनके ही बयानों से सामने आ रही थी। उक्त दोनों ही नेता पार्टी आलाकमान पर नेता चुनने की बात कह रहे थे लेकिन अपनी बात भी स्पष्ट रख रहे थे।पार्टी का सीएम पद का ऐलान न करना भी नुकसान देह रहा है। यदि पार्टी पहले से ही सीएम पद का ऐलान कर देती तो यह गुटबाजी देखने को नहीं मिलती। कार्यकताओं में जोश बराबर रहता और सभी एक नेता के नाम के साथ जनता के बीच जा सकते थे। जनता के मन में भी किसी प्रकार का कोई संशय नहीं होता। लेकिन कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं की अंतर्कलह को अंत तक सुलझाने में कामयाब नहीं हो पाए। हालात कितने खराब थे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एग्जिट पोल के बाद से ही अपनी-अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने में लगे रहे, यहां तक की आज मतगणना के दिन भी मीडिया को दिए बयानों में कांग्रेस के सीएम पद के दावेदार अपनी कुर्सी पक्की मानकर चल रहे थे।भूपिंदर सिंह हुड्डा तो दिल्ली का दौरा भी कर गए।दलित समाज के वोटों का सरकना भी कांग्रेस हार का एक कारण रहा। लोकसभा चुनाव में जाट और दलित वोटों ने कांग्रेस पार्टी का बेड़ा पार किया था, लेकिन अब कहा जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों में दलित वोट एक बार फिर छटक कर बीजेपी के पाले में चला गया था। राज्य में जाटों का वोट प्रतिशत करीब 22 प्रतिशत है, जबकि 20 प्रतिशत दलित वोट हैं। दलितों का वोट पार्टी से जाना कांग्रेस के लिए एक सदमा दे गया। राज्य में ओबीसी वोट और दलित वोट इस बार फिर बीजेपी के पक्ष में चला गया है। साथ ही कांग्रेस पार्टी का पूरा जोर जाट वोट पर था ,जिसका खामियाजा पार्टी अब हार के रूप में भुगत रही है। राज्य में इंडी अलायंस न बन पाने के कारण इंडी अलायंस के दो दल कांग्रेस से नाराज हो गए। राज्य में आम आदमी पार्टी कांग्रेस पार्टी से 90 सीटों में से 10 सीटों की मांग कर रही थी जबकि समाजवादी पार्टी भी राज्य में 2 सीटों को चाह रही थी। लेकिन अंतिम समय तक इन दलों में सहमति नहीं बन पाई। आम आदमी पार्टी ने नाराजगी में अपने 29 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी ,हालांकि उसे भी शून्य पर सिमटना पड़ा है।आम आदमी पार्टी केवल 4 सीटों पर कुछ असर डाल रही थी, लेकिन कांग्रेस पार्टी का कहना है कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस की अच्छे परफॉर्मेंस वाली सीटों की मांग कर रही थी। ऐसे में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं भूपिंदर सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला ने गठबंधन के विरोध में अपनी राय व्यक्त की थी। पार्टी की ओर इस कार्य के लिए तैनात किए गए नेता अजय माकन ने दोनों की बात को स्वीकारा और अंततः गठबंधन नहीं हो पाया।जिस कारण आम आदमी पार्टी का दो प्रतिशत वोट कांग्रेस के हाथ से फिसल गया।कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय स्तर के बाद राज्य स्तर पर आंतरिक गुटबाजी को खत्म करना चाहिए था,यह साफ देखा जा सकता है कि भीतरी कलह पार्टी को नुकसान पहुंचाती है और भविष्य में इस प्रकार के नुकसान से बचने के लिए पार्टी को कदम उठाने पड़ेंगे।कांग्रेस पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओ को हर अहम मुद्दे पर लोगों के बीच जाना होगा और सरकार पर दबाव बना होगा ताकि पार्टी का रुख लोगों के सामने साफ हो सके।कांग्रेस पार्टी अपने वोटों को बिखरने से बचाने के लिए कदम उठाए और नए वोटों को जोड़ने के लिए कदम उठाए। कांग्रेस की सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाने की क्षमता में बाधा डालने वाला एक और कारक उसकी अप्रभावी अभियान रणनीति रही। पार्टी का चुनाव अभियान काफी हद तक प्रतिक्रियात्मक था, जिसमें हरियाणा के लिए एक सम्मोहक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के बजाय राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के प्रदर्शन की आलोचना करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। जबकि बेरोजगारी, किसान संकट और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दे उठाए गए, कांग्रेस इन चिंताओं पर मतदाताओं से पर्याप्त रूप से जुड़ने या ठोस समाधान पेश करने में विफल रही है।सत्ता विरोधी लहर का सामना करने के बावजूद, भाजपा स्थानीय वास्तविकताओं के अनुसार अपनी रणनीति को ढालकर कुछ हद तक नुकसान को कम करने में कामयाब रही। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हालांकि किसान विरोध और कानून व्यवस्था के मुद्दों से निपटने के लिए आलोचना के शिकार हुए, लेकिन साथ ही वे एक गैर-भ्रष्ट, सुलभ नेता की छवि बनाए रखने में कामयाब रहे। गैर-जाट समुदायों से उनकी अपील ने भाजपा को वोटों का एक बड़ा हिस्सा बनाए रखने में मदद की। इसके अलावा, भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और राष्ट्रवादी अपील का प्रभावी ढंग से लाभ उठाया। एक मजबूत नेता के रूप में मोदी की छवि, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास के भाजपा के आख्यान के साथ मिलकर, शहरी और अर्ध-शहरी मतदाताओं के बीच गूंजती रही, जो स्थानीय मुद्दों से कम और राष्ट्रीय चिंताओं से अधिक प्रभावित थे। दूसरी ओर, कांग्रेस मोदी की अपील का मुकाबला करने के लिए एक समान एकीकृत आख्यान पेश करने में असमर्थ रही। जिन कांग्रेस नेताओं को फील्ड में भेजा गया, उनमें ज्यादातर सिफारसी थे और प्रभावहीन भी,जो कांग्रेस को हार की तरफ खींच ले गए।

## संपादकीय

### भाजपा लगातार तीसरी बार

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के मंगलवार को घोषित नतीजों में भाजपा ने हरियाणा में बहुमत हासिल कर लिया जबकि जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का चुनावपूर्व गठबंधन सरकार बनाने की तरफ अग्रसर है। चूंकि अभी अंतिम नतीजे घोषित नहीं हुए हैं, इसलिए बढ़त से जो तस्वीर उभरी है, पूरे नतीजे घोषित होने के बाद वो कमोबेश ऐसी ही रहनी है। हरियाणा में भाजपा को लगातार तीसरी बार जनादेश मिला है और पहली बार है कि जब कोई पार्टी तीसरी बार अपनी सरकार बनाने जा रही है। जम्मू-कश्मीर में जरूर भाजपा को उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले हैं, जहां जम्मू क्षेत्र की विधानसभा सीटें बढ़ने के बावजूद उसकी सीटें कम आई हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए जम्मू-कश्मीर के नतीजे संजीवनी बूटी की तरह हैं क्योंकि लोक सभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को शिकस्त मिली थी। उमर, जो इस बार दो विधानसभा क्षेत्रों से लड़े. ही इसलिए थे कि पराजय के अंदेशे को दूर रख सकें, यदि चुनाव हार जाते तो 1996 के बाद पहली बार होता जब अब्दुल्ला परिवार का कोई भी संसद या विधानसभा में नहीं होता। कईलोग मान रहे थे कि यह चुनाव उमर के राजनीतिक कॅरियर का भविष्य निर्धारित करेगा। जम्मू-कश्मीर में एक अन्य परिणाम ने भी चौंकाया है। बिजबेहरा विधानसभा सीट से पीड़ीपी की टिकट पर पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी इल्तिजा मुफ्ती अपने पहले ही चुनाव में हार गई। इस तरह राजनीति में जीत के साथ पदार्पण करने से चूक गई। पीड़ीपी के लिएभी चुनाव बेहद निराशाजनक रहे क्योंकि पिछली बार पीड़ीपी ने भाजपा के समर्थन से राज्य में सरकार बनाई थी। माना जा रहा है कि भाजपा के साथ गठबंधन करके सरकार चलाने के कारण ही इस बार उन्हें अपने कोर मतदाताओं के कोप का शिकार होना पड़ा। बहरहाल, घाटी में दस साल हुए विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक हुए। लोगों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह था, जो लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत है। हरियाणा में चुनाव-पूर्व अनुमानों में कांग्रेस को बढ़त दिखाई जा रही थे। माना जा रहा है कि जाट बनाम गैर जाट का मुद्दा भी चला। किसान, पहलवान और जवान तीनों ही वर्गों को भाजपा से नाराज बताया जा रहा था लेकिन कयासबाजियों को धता बताते हुए भाजपा ने जीत का डंका पीट दिया। अन्य राज्यों में आसन्न चुनावों में उसे इसका फायदा मिलना तय है।

## चिंतन-मनन

### अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती।

आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है। यह बाहरी भली-बुरी परिस्थितियां मनुष्य के मनोबल, आस्था और अंतःप्रेरणाओं की प्रतीक हैं। भाग्य यदि कभी कुछ करता होगा तो निश्चय ही उसे पहले मनुष्य की मनोरुचि में ही प्रवेश करना पड़ता होगा, जिसकी अंतःगतिविधियां सही दिशा में चलने लगीं हैं। किंतु जिसका मानसिक स्तर चंचलता, अवसाद, अवास, आलस्य, आवेश, दैन्य आदि से दूषित हो रहा है, उसके लिए अच्छी परिस्थितियां और अच्छे साधन उपलब्ध होने पर भी दुर्गति का ही सामना करना पड़ेगा।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसः बेहतर दुनिया बनाने के लिये मन को स्वस्थ करना जरूरी

मन की स्वस्थता शरीर की स्वस्थता से भी ज्यादा जरूरी है, क्योंकि जीवन की पूर्णता, सार्थकता एवं सफलता मानसिक स्वास्थ्य पर ही निर्भर है। मन से स्वस्थ व्यक्ति ही दुनिया का सबसे धनी व्यक्ति हो सकता है। मन स्वस्थ रहे एवं आगे से आगे मानसिक स्वास्थ्य बढ़ता जाये, इसी उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डालने, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने वाले लोगों का समर्थन करने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का महत्व मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक प्राथमिकता बनाने के अपने मिशन में निहित है। यह दिन मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पहल को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 के लिए थीम 'कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य' की घोषणा की है। मानसिक स्वास्थ्य मानसिक तंदुरुस्ती की एक ऐसी स्थिति है जो लोगों को जीवन के तनावों से निपटने, अपनी क्षमताओं को पहचानने, अच्छी तरह से सीखने और काम करने तथा अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम बनाती है। यह स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती का एक अभिन्न अंग है जो निर्णय लेने, संबंध बनाने और जिस दुनिया में हम रहते हैं उसे आकार देने की हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक क्षमताओं को रेखांकित करता है।

सुरक्षित, मनोरम, हास्यवर्द्धक, भाररहित, सहायक कार्य वातावरण मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सुरक्षात्मक भूमिका निभाते हैं। हालाँकि भेदभाव, उत्पीड़न, असुरक्षित और खराब कार्य स्थितियों जैसी अस्वस्थ स्थितियाँ मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकती हैं। ये चुनौतियाँ जीवन की समग्र गुणवत्ता, कार्य भागीदारी और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। भारतीय परिप्रेक्ष्य में कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को ताजा करने और एक स्वस्थ और खुशहाल कार्य वातावरण बनाने की ज्यादा अपेक्षा है। शोध के अनुसार, 6 व्यक्तियों में से 1 व्यक्ति कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करता है और हर साल 12 बिलियन कार्य दिवस अवसाद, तनाव और चिंता के कारण बर्बाद हो जाते हैं। देश में कार्यस्थलों में बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता की स्पष्ट आवश्यकता है, जिससे न केवल व्यक्ति को बल्कि संगठन को भी लाभ होगा। वास्तव में, जो कर्मचारी खुश रहते हैं वे 13 प्रतिशत अधिक उत्पादक होते हैं, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना व्यावसायिक रूप से समझदारी है। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकता है। जैसे शरीर की सफाई दिन में कई बार आवश्यक है, वैसे ही मन की सफाई कई बार होनी चाहिए। मिल या अन्य औद्योगिक ईकाइयों में काम करने वालों का कपड़ा थोड़ा-थोड़ा करके शाम तक खराब हो जाता है, वैसे ही मन भी कार्यस्थलों पर तरह-तरह के संकटों, तनावों एवं परेशानियों से खराब होता है। इसके लिये लंबी, गहरी सांस से मानसिक स्वास्थ्य की क्षमता बढ़ाई जा सकती है। मन से लड़े नहीं, बल्कि उसे समझाएं। प्रमोदभाव-गुणात्मक दृष्टि का विकास करें। मन को वॉचमैन बनाकर रखिये। क्योंकि जीने का वास्तविक अर्थ है हर पल स्वयं के द्वारा स्वयं का निरीक्षण। देखना है कि मन कब राग-द्वेष, तनाव, अवसाद, विकास एवं कुंठाग्रस्त हो रहा है।

कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है। कार्यस्थल पर बढ़ते तनाव और उससे जुड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ, नियोक्ताओं के लिए अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना और उसे प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चला है कि कार्यस्थल पर ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी दबाव और तनाव महसूस कर रहे हैं और इसकी संख्या बढ़ती जा रही है। 55 प्रतिशत कर्मचारियों को लगता है कि उनका काम ज्यादा तीव्र और मांग वाला होता जा रहा है। इसके अलावा, शोध से पता चलता है कि ब्रिटेन के पाँच में से एक कर्मचारी ने कार्यस्थल पर तनाव और दबाव को प्रबंधित करने में असमर्थता महसूस की। लगभग ऐसी ही स्थितियां भारत में भी देखने को मिल रही है। भारी कार्यभार, तंग समय सीमा और सहायता की कमी जैसे तनाव कर्मचारियों में चिंता, तनाव, अवसाद और बर्नआउट का कारण बन सकते हैं। कई कर्मचारी कमजोर समझे जाने, संभावित रूप से अपनी नौकरी खोने या मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ी परेशानियों के कारण मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करने से डरते हैं। नियोक्ता अपने कर्मचारियों के बीच मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की आम बात को तेजी से पहचान रहे हैं और कर्मचारियों को उनके मानसिक स्वास्थ्य को समझने और प्रबंधित करने में मदद करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

भारत में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो-साइंसेज के आँकड़ों के अनुसार, ज्ञान की कमी, मानसिक बीमारी के कलंक और देखभाल की उच्च लागत जैसे कई कारणों की वजह से 80 प्रतिशत से अधिक लोगों की देखभाल सेवाओं तक पहुँच नहीं है। वर्ष 2012-2030 के दौरान मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण 1.03 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को प्रायः कलंकित किया जाता है और गलत समझा जाता है। कई व्यक्ति एवं परिवार सामाजिक भेदभाव के डर और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण मदद लेने से झिझकते हैं। स्त्रियों एवं पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य में असमानताओं में उनके लैंगिक भिन्नताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत में महिलाओं को अवसाद, चिंता और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है तथा उनके पास मदद मांगने हेतु स्वायत्तता अक्सर सीमित होती है। गरीबी और आर्थिक असमानता मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वृद्धि में योगदान देती है। वित्तीय अस्थिरता के चलते तनाव और शैक्षिक अवसरों की सीमितता भी मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकती है।

मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य के समान रूप से महत्वपूर्ण घटक हैं। उदाहरण के लिए, अवसाद कई प्रकार की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं, विशेष रूप से मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी दीर्घकालिक स्थितियों के जोखिम को बढ़ाता है। इसी तरह, पुरानी स्थितियों की उपस्थिति मानसिक बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकती है। प्रतिकूल बचपन के अनुभव, जैसे आघात या दुर्व्यवहार का इतिहास उदाहरण के लिए, बाल दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न, हिंसा देखना, आदि। अन्य चल रही दीर्घकालिक चिकित्सा स्थितियों से संबंधित अनुभव, जैसे कि दर्दनाक मस्तिष्क की चोट, कैंसर, या मधुमेह। मस्तिष्क में जैविक कारक या रासायनिक असंतुलन, शराब या नशीली दवाओं का उपयोग, अकेलेपन या अलगाव की भावना होना आदि मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मन को बीमार करने के ये कुछ कारण है। मन हमारे व्यक्तित्व का दर्पण है। – ललित गर्ग

# सत्ता विरोधी पार्टियां सनातन विरोधी और देश विरोधी क्यों बन गई? भारत की शक्ति सनातन में है। सनातन की शक्ति शुद्धता और एकता में

भारतीय समाज बड़े घृणात्मक दौर से गुजर रहा है। स्वतंत्रता पूर्व जैसी पीड़ा दायक हालत समाज की थी, उससे भी भयानक और पीड़ा दायक आज है।

**दुर्भाग्य वश सत्ता की डोर कुछ ऐसे हाथों में आ गई है जो धर्म निरपेक्षता की आड़ में केवल एक सनातन को छोड़कर अन्य सभी संप्रदायों के साथ सापेक्ष होते चले गए हैं।**

स्वतंत्रता प्राप्ति के 70 वर्षों तक भी यह छद्म चाल चलती आ रही थी। और यह चालें चलने वाले भी अपने बनकर विश्वासघात करते रहे। कहने को यह हमारे अपने थे, परंतु हमारा ही दोहन और शोषण करते रहे । विश्वास का मुखौटा भोली भाली आर्य जनता को दिखाते रहे। धीरे-धीरे कई राजनैतिक पार्टियों ने जन्म लिया। किसी ने धर्म के नाम पर तो किसी ने जाति-पाति के नाम पर भारत की अखंडता और एकता पर कुठाराघात किया। भारत के समाज को विभाजित करके अपना अपना वोट बैंक बनाया। राजनीति में राजनैतिक दलों में उठा पटक चलती रहती है। वह अपने स्थान पर है पर प्रश्न यह उठता है कि सत्ता विरोधी पार्टियां सनातन विरोधी और देश विरोधी क्यों बन गई? भारत की शक्ति सनातन में है। सनातन की शक्ति शुद्धता और एकता में है। जिस तरह से आजकल सनातन को अशुद्ध किया जा रहा है। व्यभिचारिक व्यापार किया जा रहा है। प्रसाद में मल मूत्र, चर्बी मिलाई जा रही है। उसका संगीन कारण क्या है। यह कोई छोटा-मोटा प्रपंच नहीं है। कोई सनातनी विद्वान इस योजना में शामिल है। जिससे यह विदित है कि सनातन की शुद्धता दूषित करो। धर्म की शक्ति स्वतः ही समाप्त हो जाएगी। हमारी शक्ति हमारा धर्म और संस्कृति ही है। धर्म-संस्कृति की रक्षा करना हम सब का पवित्र कर्तव्य है। प्रत्येक भारतवासी से अनुग्रह है कि राजनैतिक वैचारिक भिन्नता रहे परंतु सनातन के लिए हम एक हैं। सनातन हमारा श्वास और



प्रश्वास है। चाहे सत्ता के पक्षधर हो अथवा विपक्षी परंतु अपने भारत और धर्म के लिए एक होना है। आज हमें पुनः एक संगठित चेतना की आवश्यकता है। क्योंकि इस चेतना में अनन्त शक्ति निवास करती है। यह जगत एवं इसके जीवों की पोषक शक्ति यह चेतना ही है। एक दृष्टि से और सोचिये कि विगत का ज्ञान एवं गलतियां हमें इतिहास से ही मिलती है। जिससे अच्छे एवं बुरे परिणामों की शिक्षा लेते हैं। सच बताइए कि अंग्रेजों की गुलामी से पूर्व का जो दौर था क्या वही हम अपने बच्चों को देना चाहते हैं? वही मार-काट, डर, हत्या, खून खराबा तथा बर्बरता का युग देना चाहते हैं। निःसन्देह नहीं। तो संगठित हो जाइए। क्योंकि हम अपने बच्चों का जीवन उस कल्पित आग में नहीं झोंक सकते। हमारा आज का संचित धन हमारी अग्रिम पीढ़ियों की रक्षा नहीं कर सकता है। आज हमारे समाज में सब समान है ना कोई छोटा है ना बड़ा। जरा असामाजिक तत्वों का संगठन तो देखिए:- बच्चा, बड़ा, वृद्ध, महिला सभी के सभी भारत की जड़े खोदने में बड़ी तन्मयता से लगे हैं। खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर लव-जिहाद तक का बड़ा सुनियोजित ढंग से चल रहा है। प्रसाद में जो मिलावट होती आ रही है, उसमें भी हमारा ही दोष है। मंदिरों की ट्रस्ट में गैर हिंदुओं को प्रवेश मिला क्यूँ? यह एक तीखा प्रश्न है। दूसरी ओर कोई गरीब अपने परिवार का पेट भरने के लिए एक छोटी सी ठेली लगता है तो फूड इंस्पेक्टर वहां पूछताछ करता है, उस से दंड लेता है। यह इतना बड़ा षड्यंत्र चल रहा था तब सारे भोजन-निरीक्षक विभाग क्या कर रहा था? और वो पुजारी वर्ग क्यों नहीं प्रसाद की देखभाल कर रहा था। हमारे इसी आलसीपन , लापरवाही के कारण हमारी सनातनी संस्कृति का सीना छलनी हो रहा है। सनातनी शक्ति हमारी मां है। हम सभी इसकी गोद में पले हैं। आज मां के आंसू रोकना हम सब का सच्चा कर्तव्य है। इसके साथ हमें एक यह भी करना है कि:-

1. हम अगले 6 महीने तक बाहर का कुछ भी नहीं खाएंगे।
2. हम फल भी नहीं खरीदेंगे। मल मूत्र वाले फलों से तो ना खाना अच्छा है।
3. हम दीपावली की खरीदारी ऐसे समुदाय से तो बिल्कुल नहीं करेंगे।
4. सब सनातनी दुकानदार बराह अवतार का फोटो और मूर्ति अवश्य लगाये।
5. किसी को भी भीख ना दी जाए।
6. . सड़क पर जो बड़े-बड़े डब्बे में समान रहता है वह ना खरीदा जाए।
7. सब्जी फल आदि इत्यादि देख समझ कर खरीदें।



# लोन मेला में मा0 सांसद श्री अरुण गोविल ने किए 207.05 करोड़ के लोन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित

**विभिन्न बैंकों द्वारा 45 लोगों को व्यापार, भवन निर्माण हेतु स्वीकृत किया गया लोन**

जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सांसद महोदय का स्वागत व सम्मान

संस्कार उजाला

हापुड़। जनपद हापुड़ के विकास खंड हापुड़ कार्यालय में ग्राहक उन्मुखी कार्यक्रम के तहत लोन शिविर मेले का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा मेरठ लोकसभा माननीय सांसद को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री अरुण गोविल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। माननीय सांसद द्वारा जनपद में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र







लाभार्थियों को 207.05 करोड़ रुपए लोन स्वीकृत के प्रमाण पत्र एवं चेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा किसानों को मिनी किट का भी वितरण माननीय सांसद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा मान्य सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित किया गया। शिविर में विभिन्न बैंकों एवं सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए एवं विभिन्न बैंको द्वारा लोगो को अपनी ऋण संबन्धित योजनाओ से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक श्री विजयपाल आढ़ती, मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम, केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री लक्ष्मी नारायण उपाला, यूको बैंक के डीजीएम संजय नंदूरकर, एलडीएम श्री राजीव कुमार गुप्ता एवं शीशपाल सिंह सहित जनपद के विभिन्न बैंको के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एटीएम मशीन के एटीएम कार्ड स्लाट में फेवीक्विक डालकर एटीएम बूथ में अपना फर्जी हेल्पलाइन नंबर लिखकर सीधे-साधे भोले भाले लोगों से ठगी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार





संस्कार उजाला

हापुड़। थाना साइबर क्राइम हापुड़ पुलिस के द्वारा एटीएम मशीन के एटीएम स्लॉट मैं फेवीक्विक डालकर सीधे-साधे भोले भाले लोगों से ठगी करने वाले अंतराज्यीय गिरोह के दो शातिर किस्म के सदस्यों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। बता दे कि थाना साइबर क्राइम पुलिस ने जनपद में बढ़ रहे साइबर क्राइम को लेकर ऐसे गिरोह का पदार्फाश किया है। जो एटीएम मशीन में फेवीक्विक डालकर पेटीएम बूथ में खड़े हो जाते थे। जब भी कोई पैसे निकालने के लिए अपना एटीएम कार्ड मशीन में लगता तो फेवीक्विक के द्वारा एटीएम कार्ड मशीन में जाम हो जाता था। जिसके चलते एटीएम मशीन में कार्ड फंसने पर परेशान उपभोक्ता इन साइबर ठगों द्वारा पेटीएम बूथ में लिखे फर्जी हेल्पलाइन नंबर पर मदद के लिए कॉल करता है। तो यह लोग बैंक की तरफ से फर्जी टेक्निकल मकैनिक बनकर पेटीएम मशीन में फंसे कार्ड को निकालने के लिए एटीएम बूथ पर पहुंचते हैं। और इस दौरान उपभोक्ता से उसके गोपनीय नंबर संबंधित सभी जानकारियां एकत्रित कर लेता था। और उसके उपरांत पीड़ित के खाते को खाली कर दिया जाता था। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपने नाम प्रशांत उर्फ पूछी पुत्र सुनील तोमर निवासी रहरवा थाना बहादुरगढ़, हाल पता चेतलपुर कॉलोनी सेक्टर 63 नोएडा गौतम बुध नगर एवं मौहल्ला द्दिदापुरी कोतवाली पिलखुआ, फैजान हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन ग्राम बारीपुर भमरूवा थाना गढ़ी जिला संभल, हाल पता से पब्लिक स्कूल सेक्टर 63 नोएडा गौतम बुध नगर बताते हुए जनपद हापुड़ में कई घटना कारित करना भी स्वीकार किया है। इनके कब्जे से तीन मोबाइल, दो रसीद ,₹120 की नगदी प्लास कटर, टेप , मार्कर ,इत्यादि उपकरण बरामद करने के साथ घटना में प्रयुक्त स्कूटी को भी बरामद किया है।

## संक्षिप्त डायरी

### देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल एवं डीएम स्पोर्ट्स अकादमी के छात्र-छात्रा ने गोल्ड पदक जीतकर बनारस में लहराया परचम



संस्कार उजाला

हापुड़/ गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर के शाहपुर रोड पर देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल,शिक्षा के मंदिर एवं डीएम स्पोर्ट्स अकादमी के रूप में अग्रणीय संस्थान की छात्रा वंशिका ने वारणसी बनारस में नेशनल गेम में 400 मीटर दौड़ में गोल्ड,पदक और केरल में 1500 मीटर दौड़ में केंद्रीय विद्यालय बाबूगढ़ के छात्र फैजान ने नेशनल गेम में कांस्य पदक जीतकर जनपद का का नाम रोशन किया है। बता दें कि पी.ए. केन्द्रीय विद्यालय सैनिक छावनी बाबूगढ़ 43 वें वि.स.राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगता 2024-25 में केरल त्रिवेंद्रम पुरम नेशनल कंपटीशन 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर के बीच में खेला जा रहा है। जिसमें देव मेमैरियल पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेश्वर हापुड़ एवं डी एम स्पोर्ट्स अकादमी के छात्र फैजान ने बाबूगढ़ केंद्रीय विद्यालय से खेलते हुए 1500 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं वाराणसी बनारस में नेशनल में वंशिका ने 400 मीटर दौड़ में गोल्ड पदक जीता है। स्कूल प्रबंधक राजेन्द्र सिंह एवं स्पोर्ट्स अकादमी निदेशक सिद्धार्थ चैधरी ने बताया कि स्कूल एवं अकादमी के खिलाड़ी अन्य खेल के क्षेत्र में प्रदेश में संस्था का नाम रोशन करेंगे ।कोच नवीन चैधरी ने बताया कि प्रत्येक खिलाड़ियों को पूर्ण रूप से प्रेक्षित किया गया। जो पदक हासिल करने में सक्षम खिलाड़ियों से आशा है। कि वह और पदक हासिल कर देव मेमैरियल पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेश्वर हापुड़ एवं डी एम स्पोर्ट्स अकादमी का नाम रोशन करेंगें। इस मौके पर प्रधानाचार्य मंजु चैधरी,स्कूल कॉडिनेटर योगेन्द्र सिंह,अशोक कुमार, प्रांजल सिंह,गार्मी , सुधा यागी,अंशु, पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा , दुष्यत कुमार,रविन्द्र कुमार,ब्रज सिंह,दाताराम शर्मा वी.के शर्मा सुधीर कुमार,अरूण त्यागी कवि (भारतीय बॉक्सर),आदि।

### राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोईया एकता संघ के बैनर तले प्रा॰वि॰ एवं उच्च प्रा॰ वि॰ के रसोइयों ने मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों को लेकर जिला अधिकारी को सौपा ज्ञापन



संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/जनपद के प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एमडीएम योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोईया एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कटारिया के नेतृत्व में अपनी मांगों से संबन्धित एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी को सौंपा। बता दें कि एमडीएम योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के द्वारा अपनी निम्न मांगो जिसमें कार्यरत रसोइयों की सुरक्षा और उचित पारिश्रमिक भुगतान एवं रसोइयों की प्रतिवर्ष बदलने की प्रक्रिया समाप्ति, और वर्तमान में रसोइयों की चयन प्रक्रिया में पिछले वर्ष कार्यरत रसोइयों का चयन किया जाए। एवं कार्यरत रसोइयों के बच्चों को संबंधित विद्यालय में पढ़ने की अनिवार्यता समाप्त की जाए। और एमडीएम योजना को ठेकेदारी प्रथा से रोके जाने के साथ कार्यरत रसोइयों को देषु भावना से नहीं हटाया जाए। बढ़ती महंगाई के चलते प्रति माह ₹10000 मानदेय दिया जाए। और ₹500000 का बीमा किया जाए। जैसी अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोईया एकता संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोईया एकता संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कटारिया, जिला अध्यक्ष ललिता देवी प्रदेश सचिव पिंकी देवी जिला महासचिव पुष्पा देवी सहित दर्जनों की संख्या में रसोईया कार्यकत्री उपस्थिति रही।

## जिला अधिकारी ने ग्राम पटना में किया धान की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण




संस्कार उजाला

हापुड़। आज जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने हापुड़ तहसील के ग्राम पटना में धान की क्रॉप कटिंग के प्रयोग का निरीक्षण किया। डीएम ने खेत की माप कराते हुए उपज को तुलवा कर भी देखा। जिसमें किसान राजीव कुमार के खेत में 15.140 किलोग्राम धान की उपज मिली ।जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देश दिए की सभी धान की क्रॉप कटिंग प्रयोग सीसीई एग्री ऐप से ऑनलाइन करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी शुभम श्रीवास्तव, तहसीलदार हापुड़ प्रवीण कुमार,सांख्यिकी अधिकारी नरेश कुमार, राजस्व निरीक्षक भूदेव शर्मा, लेखपाल गंगा प्रसाद पटेल व संबंधित किसान मौजूद रहे।

## अब कार्यस्थल पर नहीं होगा महिलाओं का उत्पीड़न




संस्कार उजाला ब्यूरो

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वाधान में माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ श्री मलखान सिंह के कुशल निर्देशन में श्री ब्रह्मपाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ की अध्यक्षता में एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, हापुड़ के सहयोग से व श्री अभिषेक त्यागी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, हापुड़, श्रीमति सरिता गुप्ता, चेयरपर्सन, आईसीसी०, हापुड एवं श्रीमति निधि यादव, डिप्टी, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम,श्रीमति चंचल शर्मा, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम, श्री राहुल कुमार, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल सिस्टम, हापुड़ की उपस्थिति में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के कार्यान्वयन हेतु (ढङ्गरल्) अधिनियम के अन्तर्गत आज दिनांक 09.10.2024 को तहसील सभागार नगरपालिका, जिला हापुड़ में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के बारे में जागरुक किये जाने हेतु विशेष जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। श्री अभिषेक त्यागी, बाल कल्याण समिति, हापुड़ द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न अधिनियम 2013 के बारे में जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि इसके बारें में सभी को जागरुक होना चाहियें एवं कार्यस्थल पर हो रहे महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने का प्रयास करना चाहिये। इसी क्रम में श्रीमति निधि यादव, डिप्टी, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा बताया गया कि यदि किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की कोई विधिक सहायता की आवश्यकता है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ के कार्यालय में अपना प्रार्थना पत्र दे सकती है, जिसके संबंध में आपकी विधिक सहायता आवश्यक रूप से की जायेगी। आगे यह भी बताया कि आप नालसा द्वारा प्रदान किये गये हेल्पलाइन नं० 15100 पर भी कॉल कर सकते है। सरिता गुप्ता, चेयरपर्सन,आईसीसी०, हापुड द्वारा कार्यस्थल पर हो रहे महिलाओं के उत्पीड़न के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि, इसमें शारीरिक संपर्क तथा यौन प्रगति, यौन संबंधों की मांग अथवा अनुरोध, यौन टिप्पणियां करना, अश्लील साहित्य दिखाना एवं यौन संबंध के किसी भी अन्य प्रकृति के अवांछित शारीरिक, मौखिक या गैर-मौखिक आचरण को शामिल किया गया है। राहुल कुमार एवं चंचल शर्मा असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल हापुड़ द्वारा घरेलू हिंसा से संबंधित महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिये एक सुरक्षित एवं अनुकूल कार्य वातावरण बनाने के साथ यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है। उक्त कार्यक्रम में अमित कुमार,कार्यालय जिला प्रोबेशन, हापुड़ से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ से पराविधिक स्वयंसेवक, निशा निगम, ताराचन्द, तुलसी शर्मा, विनीत कुमार,साक्षी एवं अशोक कुमार व कार्यालय जिला प्रोबेशन, हापुड़ का समस्त स्टाफ व अन्य महिलाएं उपस्थित रहे।

## खाद्य सामग्री में मिलावट खोरी नहीं की जाएगी बर्दाश्त/शोविंदर चौधरी खाद्य निरीक्षक



संस्कार उजाला

हापुड़। आयुक्त महोदय,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,उ0प्र0 लखनऊ के निदेशी के क्रम में जिलाधिकारी महोदया के निर्देशन में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के अवसर पर जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग हापुड की जनपदीय टीम द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही करने काशी सिलसिला जारी है। जिसके चलते गोयल किराना स्टोर पाटिया मण्डी हापुड से समा चावल,पारस घी, का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया । ग्रोवर प्रोविजन स्टोर पाटिया मण्डी हापुड से मूमफली दाना, साबूदाना का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया । सक्सेना किराना स्टोर चण्डी रोड हापुड से समा चावल, सेधा नमक (दीवान ब्राण्ड) का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया । दिव्यांश किराना स्टोर ग्राम सलारपुर गढमुक्तेश्वर से कुट्टु का आटा एवं बेसन का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया ।गर्ग किराना स्टोर ग्राम सिखेडा हापुड से किशमिश, खडी हल्दी का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया । मईनुद्दीन हलीम बिरयानी अठसैनी गढमुक्तेश्वर हापुड से हलीम का एक नमूना संग्रहित किया गया । हाजी हल्लन हलीम अठसैनी गढमुक्तेश्वर हापुड से हलीम का एक नमूना संग्रहित किया गया एक 50 किग्रा भैस का मीट जोकि तीन दिन का पुराना था गढ्ढा खोदकर नष्ट कराया गया । इस प्रकार कुल 12 नमूने संग्रहित किये गये उपरोक्त नमूनो को वास्ते जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे जा रहे है ।जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## हापुड़ देहात पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध पटाखे बनाकर बिक्री करने वाले युवक को बोरे में भरे पटाखो सहित किया गिरफ्तार



संस्कार उजाला

हापुड़/जिले में एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल निर्देश पर अवैध पटाखें बनाने एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध घरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे। सघन चेकिंग अभियान के तहत। हापुड़ देहात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए ।सघन चेकिंग के दौरान गोंदी अंडरपास से रफी पुत्र मौहम्मद नईम निवासी मौहल्ला चाहकमाल थाना हापुड़ नगर को एक प्लास्टिक के बोरे में भरे हुए अवैध पटाखे जिनका वजन लगभग 20 किलो के साथ गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

## जिला अधिकारी के निर्देश पर एसडीएम हापुड़ के सभागार कक्ष में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ 10 दिवसीय कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

संस्कार उजाला

हापुड़। जिलाधिकारी महोदया प्रेरणा शर्मा के निर्देश के क्रम में उपजिलाधिकारी महोदय हापुड़ के सभागार कक्ष में जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती स्मिता सिंह के निर्देशन में अन्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 10 दिवसीय समारोह के आयोजन एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तगर्त पाक्सो अधिनियम एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 और घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 पर अभिमुखिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।







जिसमें बेटा-बेटी में भेदभाव न करें,दोनों को एक समान शिक्षा दें। जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार, एवं महिलाओं एवं बच्चों के साथ होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्यवाही किये जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। तथा महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंम्बर 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्डलाइन एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉनसरशिप आदि की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति अभिषेक त्यागी,अध्यक्ष आन्तरिक परिवाद समिति श्रीमती सरिता गुप्ता, जिला प्रोबेशन कार्यालय/जिला बाल संरक्षण इकाई से अमित कुमार संरक्षण अधिकारी, हुमा चौधरी रिंकू सिंह सामाजिक कार्यकर्ता,के साथ सचिव जिला विधिक प्राधिकरण से पी०एल०वी० एवं सरकारी अधिवक्ता एवं वन स्टॉप सेन्टर से केन्द्र प्रबन्धक सोनिया, एवं रविता आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गढ़मुक्तेश्वर एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने लड़कियों एवं महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले युवक को किया गिरफ्तार



संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल निर्देश पर हापुड़ पुलिस के द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में नारी मिशन सशक्तिकरण अभियान के तहत चलाए जा रहे। एंटी रोमियो अभियान के चलते गढ़मुक्तेश्वर एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने महिलाओं एवं लड़कियों पर अश्लील फब्तियां कसने वाले युवक रॉबिन पुत्र रूप सिंह मौहल्ला रिफ्यूजी कॉलोनी गढ़मुक्तेश्वर को रामलीला मैदान नक्का कुआं रोड से गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

## जनपदीय स्वाट टीम एवं हापुड़ नगर पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर मोबाइल टावरों से बैटरी पार्टस चोरी करने वाले दो शातिर किस्म के चोरों को किया गिरफ्तार




संस्कार उजाला

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल निर्देश पर हापुड़ पुलिस के द्वारा जनपद में अपराधियों पर लगातार कमर तोड़ कार्यवाही करने को लेकर चलाए जा रहे। अभियान के तहत जनपदीय स्वाट टीम एवं हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मोबाइल टावरों से बैटरी पार्ट्स चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर किस्म के चोरों को उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए माल सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। बता दें कि सपा के कुशल निर्देश पर हापुड़ पुलिस के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में सन संलिप्त लोगों के विरुद्ध घर पकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपदीय स्वाट टीम एवं हापुड़ नगर पुलिस ने मोबाइल टावर से चोरी करने वाले दो शातिर किस्म के चोर दिलशाद पुत्र आबिद निवासी मौहल्ला सुंदर नगरी कॉलोनी थाना नंद नगरी दिल्ली, इकबाल पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी ग्राम असगरपुर थाना सेक्टर 126 गौतम बुद्ध नगर, को गिरफ्तार कर इनकी निशानदेही पर चोरी किये गए। एक आरआरयू एवं एक एसएमपीएस, पांच बैटरी दो चाकू घटना में प्रयुक्त कार यूपी-92एटी6058 बरामद कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए भेजा जेल।

## शासन के द्वारा सरकारी अस्पतालों मे डॉक्टरों का आने का समय बढ़ाए जाने के उपरांत भी कुर्सी डॉक्टरों के आने की जौह रही है बाट।




संस्कार उजाला

हापुड़/उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के आने का समय बढ़ाने के उपरांत भी डॉक्टर अपनी मनमानी के चलते कुर्सी से नदारद नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि शासन के द्वारा सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के आने का टाइम सुबह 10:00 बजे से बढ़कर 4:00 बजे तक कर दिया गया है। लेकिन फिर भी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के आने को लेकर कुर्सियां उनके आने की बाट जौहते नजर आ रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण हापुड़ जनपद के धौलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देखने को मिला है ।जहां डॉक्टर साहब की कुर्सी खाली पड़ी हुई है। और मरीज इंतजार करने के उपरांत परेशान होकर वापस घर लौटने के लिए हुए मजबूर हैं। डॉक्टरों का घंटों से भी ज्यादा इंतजार करने के बाद डॉक्टर कुर्सी पर नहीं पहुंच रहें हैं। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को मौसम बदलने के चलते होने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाने को लेकर सुबह 10:00 से 4:00 बजे का समय में बदलाव किया गया है। लेकिन फिर भी अस्पतालो में डॉक्टरो के कुर्सियों से गायब रहने के चलते मरीज परेशान होकर वापस लौट के लिए मजबूर हो रहे हैं।

संस्कार उजाला
सच की हुंकार
संस्कार उजाला समाचार एवं विज्ञापन
संपर्क करें जिला प्रभारी अमित शर्मा
8445987618 ,भूपेंद्र वर्मा संवाददाता
9756144404

# मातृशक्ति गोष्ठी: श्री महंत इंद्रेश अस्पताल और जगत बंधु सेवा ट्रस्ट की पहल

## मातृशक्ति गोष्ठी कमजोर दाम्पत्य के लिए रामबाण :लवली कुमार बिरला

संस्कार उजाला
नागल सहारनपुर

**अजय त्यागी नागल** :जगत बंधु सेवा ट्रस्ट और श्री महंत इंद्रेश अस्पताल ने मिलकर आज जगत बंधु सेवा ट्रस्ट कार्यालय रेलवे रोड नागल में मातृशक्ति गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण पर चर्चा हुई। इस गोष्ठी में श्री महंत इंद्रेश अस्पताल के ब्रांड एंबेसडर सुमित प्रजापति, पीआरओ विनती, संस्था अध्यक्ष लवली कुमार बिरला,अनुज कश्यप, हरिओम प्रजापति और आसपास के क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे। सुमित प्रजापति ने बताया कि आदरणीय परम पूज्य देवेंद्र दास जी महाराज जी के शुभ आशीर्वाद से श्री महंत इंद्रेश अस्पताल में महिलाओं की सभी प्रकार की नॉर्मल और ऑपरेशन वाली डिलीवरी बिल्कुल निशुल्क है।




इसके अलावा, डिलीवरी के दौरान लगने वाली दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी। जगत बंधु सेवा ट्रस्ट नागल की पूरी टीम ने श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून से आए हुए डेलिगेशन को भारत माता की तस्वीर देकर उनका भव्य स्वागत किया लवली कुमार बिरला ने कहा कि यह सेवा आर्थिक रूप से कमजोर दंपतियों के लिए रामबाण है, जिन्हें ऑपरेशन वाली डिलीवरी के लिए आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता है और उन्होंने आदरणीय परम पूज्य महाराज जी का ग्रामीण क्षेत्र के लिए शुरू की गई सेवाओं हेतु आभार व्यक्त किया अनुज कश्यप ने बताया कि श्री महंत इंद्रेश अस्पताल में प्रत्येक महीने आंखों के ऑपरेशन भी निशुल्क किए जाते हैं। आज की गोष्ठी में , नोसाद, साक्षी, काजल, सलोनी, अंजलि, निक्की, अनुष्का,प्राची, ममता, दीपांशी ,प्रीति,रोहित पुहाल अंकित बौद्ध शिवानी और स्थानीय लोग उपस्थित रहें '

# जनपद के 1500 परिषदीय विद्यार्थियों को स्कूल बैग विद डेस्क का किया गया वितरण

## राज्यसभा सांसद डॉ0 लक्ष्मीकांत बाजपेयी के प्रयास सराहनीय

✷बच्चे ही देश के भावी कर्णधार

✷शिक्षित बच्चों से ही होगा विकसित भारत का निर्माण

✷सरकार शिक्षा के प्रति बेहद संवेदनशील

संस्कार उजाला ब्यूरो

**सहारनपुर** माननीय राज्यसभा सांसद डॉ0 लक्ष्मीकांत बाजपेयी जी के असाधारण प्रयासों एवं भारत सरकार की नवरत्न कंपनी कोल इण्डिया और यूनिसेड के सहयोग से जनपद के परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 02 व 03 में अध्ययनरत 1500 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग विद डेस्क का वितरण किया गया। जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर जिलाध्यक्ष डॉ0 महेन्द्र सैनी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री कोमल द्वारा बच्चों को स्कूल बैग विद डेस्क वितरित किए गये। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हे आगे बढने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलती



है। उन्होने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को नई शिक्षा नीति के अनुसार मेहनत एवं लगन से पढाएं। बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करेंगे तो ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होने कहा कि जनपद को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए हर व्यक्ति अपने दायित्वों का भली प्रकार से निर्वहन करे। जिलाध्यक्ष महेन्द्र सैनी ने राज्यसभा सांसद डॉ0 लक्ष्मीकांत बाजपेयी जी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे है। उन्होने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए वर्तमान पीढी का शिक्षित होना अनिवार्य है। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य है कि गरीब से गरीब बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरू बनना एक सौभाग्य की बात है। बच्चे ही देश के भावी कर्णधार है इसलिए अपना कर्तव्य निभाते हुए शिक्षा के साथ बच्चों की रूचि के अनुसार उनकी प्रतिभा को निखारें। बच्चों को खेल एवं आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान भी दें। शिक्षा में कमजोर बच्चों को चिन्हित करते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। महानगर अध्यक्ष श्री पुनीत त्यागी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से पता चलता है कि सरकार शिक्षा के प्रति कितनी संवेदनशील है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होने बच्चों से कहा कि मन लगाकर मेहनत से पढाई करें और अपने माता-पिता के साथ ही अपने जनपद का नाम भी रोशन करें। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय शिवदासपुर, बहादरपुर, रामपुर मनिहारान द्वितीय, लंढोरी, जमालपुर, चाटका, मनोहरपुर, उनाली, नगला खारी, सांवलपुर नवादा, पठानपुरा मल्हीपुर, पाड़ली खुशहालपुर, सडक दूधली, कृष्णी बलियाखेडी, मढ पुंवारका, नल्हेडा गुर्जर प्रथम छात्र अनुष्का, आरूषि, आतिशा, सूफिया, राशी, आयुषी, लीजा, हुमेरा, यश, वरूण, हर्ष सहित अन्य बच्चों को स्कूल बैग विद डेस्क का वितरण किया गया।

# संक्षिप्त डायरी

## थाना कोतवाली देहात पुलिस ने 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया.

संस्कार उजाला
सहारनपुर/




सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात के कुशल नेतृत्व में आज कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त अंकित पुत्र अशोक सैनी निवासी ग्राम हसनपुर थाना कोतवाली देहात जिला सहारनपुर कोतवाली देहात क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के नाम इस प्रकार हैं 01 प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसैन सैनी थाना कोतवाली देहात 02 उप निरीक्षक अजयपाल सिंह थाना कोतवाली देहात 03 हेड कांस्टेबल 207 दिनेश कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर तैनात रहे।

## वक्फ बोर्ड की जमीन पर बिना बोर्ड अनुमति के बन रही मार्किट को प्राधिकरण ने किया सील

संस्कार उजाला/ संवाददाता



**सहारनपुर** विकास प्राधिकरण ने आखिरकार वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनाए जा रहे नखासा बाजार की मार्केट को सील कर दिया ..लगभग पांच दुकान नीचे और पांच दुकान ऊपर बनाने के लिए भूतल पर लिटर डालने के बाद सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने सील कर दिया सील की कार्रवाई को रोकने के लिए नेताओं से लेकर अधिकारियों तक के चक्कर काटने के बाद फैजान की अवैध मार्केट को प्राधिकरण ने सील किया है .यह जमीन वक्फ बोर्ड की है और प्राधिकरण का कहना है कि जब तक वक्फ बोर्ड की एनओसी नहीं आ जाती तब तक किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य वक्फ बोर्ड की जमीन पर नहीं करने दिया जाएगा.

## श्री शाकंभरी देवी पदयात्रा का भाकियू क्रांति के प्रदेश अध्यक्ष ने किया

संस्कार उजाला संवाददाता



**सहारनपुर** बेहट क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर से सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर गत वर्ष की भॉति गाजे बाजे के साथ माता रानी की शोभा यात्रा रथ बुधवार को पूजन अर्चन आरती वंदन के साथ गांव के काली माँ के मंदिर से रवाना हुई। भारतीय किसान यूनियन क्रांति के प्रदेश अध्यक्ष अमित सैनी द्वारा सीता काटकर पैदल यात्रा का शुभारंभ किया, जो मां श्री शाकंभरी देवी तक सैकड़ो की संख्या में युवा बच्चे सभी अपने हाथों में माता रानी की ध्वजा लेकर पैदल यात्रा कर माता शाकंभरी देवी के दर्शन करने को माता रानी की जय जयकार करते हुए यात्रा प्रारंभ कर की । सर्वप्रथम मुजफ्फरपुर के मां काली मंदिर पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गांव में महिलाओ ने यात्रा पूजा अर्चना कर स्वागत किया। यात्रा के साथ पैदल चल रहे हैं भक्तों का फूल मलाएं पहनाकर स्वागत-सत्कार किया। यात्रा से पूर्व माताजी की आरती पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसी प्रकार रास्ते में आदि स्थानों पर निरंतर माता रानी के जयकारों के साथ नाचते गाते हुए मां शाकंभरी देवी के मंदिर में पहुंचकर देवी का आरती वंदन कर श्रद्धा पूर्वक भोग प्रसाद लगाकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य लाभ लिया। इस मौके पर भाकियू क्रांति के प्रदेश सचिव रिंपी कंबोज, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सैनी उर्फ मांगू, प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय सैनी, युवा तहसील अध्यक्ष पंकज सैनी, जिला संगठन मंत्री सचिन कुमार, आदित कंबोज, आकाश राणा, विकास सैनी आदि ग्रामवासी मौजूद रहे

## बुग्गावाला तिराहे पर महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेस 5 मिशन गरुड़ के द्वारा लड़कियों एवं महिलाओं को जागरूक किया गया



संस्कार उजाला
संवाददाता सहारनपुर

**थाना** बिहारीगढ पुलिस ने बुग्गावाला तिराहे पर क्षेत्रीय एवं ग्रामीण महिलाओं को महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5 ( मिशन गरुढ) एंटी रोमियो टीम एस आई देवेश कुमार, कास्टेबल विपिन एलसी 213 ज्योति ,एलसी1278 अंजना द्वारा महिलाओ एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व सुमंगला योजना ,बाल कल्याण योजनाओं ,बाल मजदूरी आदि के बारे में विस्तार से बताया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध 108 एंबुलेंस सेवा 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि की जानकारी देते उनकी समस्याएं पूछी गई और उनको समस्याओं के निदान के लिए दिशा निर्देश दिए गए कहा गया आप समझ में निडर होकर अपने जीवन को जीने के लिए स्वतंत्र ता तथा स्वाभिमान के साथ जी सकते हैं उन्होंने बताया कि आप ग्रामीण क्षेत्र से बाजार में अकेले आते हैं और आपको डरने की कोई बात नहीं है सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सुविधाओं के आधार पर उनका उपयोग करके स्वाभिमान के साथ समाज में रह सकते हैं

# संक्षिप्त डायरी

## नकुड एसडीएम ने भारतीय किसान यूनियन के गुट को लगाई फटकार

संस्कार उजाला




**सहारनपुर** /भारतीय किसान यूनियन के एक गुट ने बिना परमिशन के शुरू कर दिया धरना,रऊद ने राष्टीय अध्यक्ष को भेजा नोटिस सहारनपुर के तहसील नकुड़ के प्रांगण में भाकियू के एक गुट के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया ।मामले की जानकारी जब एसडीएम को मिली तो मौके पर पहुँचकर एसडीएम ने भाकियू के लोगो को वहाँ से हटवाया ।एसडीएम ने बताया कि पूर्व में बिना किसी सूचना के तहसील परिसर धरना देना और इस तरह हुक्का पीना निषेध है ।ऐसे मामले की पहले जानकारी दी जाती हैं ।जो नही दी गई ।इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी नोटिस भेजा गया है।

## अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर किया गया बरामद ।



संस्कार उजाला
विशेष संवाददाता मनोज पाठक इटावा

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही । घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण :-
जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 08.10.2024 को थाना भरथना पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत सहजपुर से त्रिलोकपुर की ओर भ्रमणशील थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर अभियुक्त आकाश उर्फ विकाश को सादिकपुर पाली खुर्द तिराहा से समय 20.35 बजे 01 अवैध तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त :-
1.आकाश उर्फ विकाश पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम कुन्दनपुर थाना बकेवर जनपद इटावा उम्र 22 वर्ष ।

पंजीकृत अभियोग :-
1.मु0अ0सं0 268/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भरथना जनपद इटावा ।

आपराधिक इतिहास-
1.मु0अ0सं0 367/2021 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा ।
2.मु0अ0सं0 268/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भरथना जनपद इटावा ।

बरामदगी :-
1.01 अवैध तमंचा 315 बोर ।
2.02 जिंदा कारतूस 315 बोर ।

पुलिस टीम :- निरी0 श्री देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना, उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार, का0 इन्द्रीश, का0 अरुण कसाना ।

# कच्ची सड़कों पर पानी भरने से बढ़ रहा है बीमारी का खतरा

## गांव में सड़क निर्माण हेतु बीडियो को दिया मांग पत्र

संस्कार उजाला

**सहारनपुर**/लखनौती क्षेत्र मे कच्ची सड़क होने की वजह से ग्रामीण काफी परेशान हो रहे हैं। जिससे यहां से होकर आने जाने वालों और पास में रहने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लोगों को गंदे कीचड़ के बीच से होकर जाना पड़ रहा है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा सता रहा है। लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन अभी तक इस ओर किसी भी अधिकारी के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। जिसकी वजह से समस्या जस की तस बनी हुई है। बताते चले की गंगोह ब्लॉक के गांव कुंडा कला निवासी एवं क्षेत्र पंचायत



सदस्य मुंशी उर्फ नूर हसन ने भारतीय किसान यूनियन नई क्रांति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर विकासखंड अधिकारी गंगोह को एक मांग पत्र देकर गांव में कच्ची सड़क को पक्की बनाए जाने की मांग की है। ब्लॉक के गांव कुंडा कला में आज भी काफी सड़के कच्ची है। जिन पर पानी व कीचड़ जमा रहता है। जिससे बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने डॉक्टर शौकत के घर से लेकर मस्जिद के सामने से होते हुए बाबू के घर तक लंबाई लगभग 150 मीटर सड़क खराब हालत में पड़ी हुई है। जो लगभग 15 साल से कच्ची है। खराब पड़ी सड़क को बनवाने के लिए गंगोह विकासखंड अधिकारी को मांग पत्र देकर सड़क बनाने की मांग की है। क्षेत्र पंचायत सदस्य नूर हसन, रियासत, वसीम, साबिर, वकीलुर, रहमान, असलम, फुरकान लुकमान इनाम अली मामू इलियास अहसान शादाब आदि ग्रामीणों ने बताया की जिसमें लगभग 15 साल से आज तक ये सड़क कच्ची बनी हुई है। जिस पर जल भराव की समस्या भी बनी रहती है। इसके बारे में बार-बार ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधान को भी अवगत कराया गया है। लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसको लेकर ग्रामीणों ने विकासखंड अधिकारी गंगोह को एक मांग पत्र देकर गांव में कच्ची सड़क को पक्की बनाए जाने की मांग की है। बॉक्स,,,ग्रामीणों ने कहा गांव में आज भी काफी सड़के ऐसी हैं जो कच्ची है जिन पर पानी भरा रहता है और बीमारियों का घर बनी हुई हैं।अगर जल्द ही सड़क पर निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो (सीडीओ) मुख्य विकास अधिकारी से संबंधित समस्याओं से अवगत कराकर समस्याओं को हल कराया जायेगा।

# किसानों के लिए आफत बने आवारा पशु फसलों को कर रहे हैं नष्ट

संस्कार उजाला
बडगांव सहारनपुर

बड़गांव सहारनपुर क्षेत्र के गाव जडोदा पांडा में बड़ी तादाद में आवारा पशुओं की संख्या में इजाफा होने से इजाफा होने से इजाफा होने से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है आवारा पशुओं को खेतों में घुसने से रोकने के लिए किसानों को दिन-रात पैरा देना पड़ रहा है जड़ौदा पांडा में रात्रि के समय 10 से 15 की संख्या में आवारा पशुओं का झुंड फसलो को रौंदता हुआ जब खेतों से गुजरता है यह जानवर जिस खेत में घुस जाते हैं उस खेत को रौंदकर फसल को नष्ट कर देते हैं यह देखकर किसान लाठी लेकर आवारा पशुओं को बहुत दूर तक खदेड़ कर जब वापस आते हैं तो दूसरे किसान अपने खेतों की तरफ आवारा पशुओं को आता देखकर उन्हें वापस लौटा देते हैं आवारा पशुओं पर न तो गौशाला संचालकों का ध्यान है और ना ही प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है जड़ौदा पांडा के किसान मोहित त्यागी मांगाराम पवन कुमार त्यागी अरविन्द कुमार त्यागी नविन त्यागी घिसरपडी के



किसान कपिल त्यागी सुनील त्यागी संजय त्यागी आशु ने बताया कि रात में आवारा पशुओं का झुंड आता है और फसलों को रौंदकर खराब कर चला जाता है कुछ किसानों ने तो खेत की सुरक्षा के लिए खेत के चारों तरफ कटीले तारों की बाढ़ लगा दी है लेकिन यह पशु उस तार बाड़ को लांग कर भी फसलों को पूरी तरह नष्ट कर देते हैं गायों के बछड़ों के झुंड के झुंड घूमते नजर आते हैं इनमें से कुछ तो बहुत हिंसक भी हो चुके हैं कई बार तो घरों में घुसकर पालतू पशुओं तथा ग्रामीणों को भी जख्मी कर चुके हैं किसानों का कहना है कि अगर जल्द ही इन आवारा पशुओं की समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो किसानों के लिए अपनी फसलों को बचाना असंभव हो जाएगा

# त्योहारों को लेकर आबकारी विभाग अलर्ट: आबकारी इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार ने मारा शराब के ठेकों पर छापा, मचा हड़कम्प

ओवर रेटिंग और मिलावटी शराब बेचने पर होगी कार्रवाई: करुणेंद्र सिंह

संस्कार उजाला

**सहारनपुर**/ : जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में त्योहारों के मद्देनजर जिलें भर में अवैध शराब की बिक्री, मिलावटी शराब व ओवररेटिंग को लेकर विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में आबकारी इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार ने सेक्टर-01 क्षेत्र में संचालित शराब ठेकों पर चैकिंग अभियान चलाकर जांच पड़ताल की गई, इस दौरान ठेका संचालकों में हड़कंप मच गया, मंगलवार की शाम आबकारी निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार ने टीम के साथ मिलकर त्योहारो के मद्देनजर अंग्रेजी, बीयर और देसी शराब के ठेकों पर चैकिंग अभियान चलाया, इस दौरान शराब ठेके के लाइंसेंस और स्टॉक रजिस्ट्र चैक किए गए, इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार का कहना है कि त्योहारो के पर्व को लेकर शराब ठेकों पर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, शराब ठेकों पर बिक रही शराब की एक्सपायरी डेट चेक कि गई इसके साथ देसी शराब ठेकों पर भी चैकिंग करते हुए सील चेक की गई कही किसी तरह की कोई मिलावट तो नही की जा रही है, ओवर रेटिंग की भी जांच पड़ताल की गई है, पोज मशीन से मदिरा की प्राप्ति एवं बिक्री के लिए विक्रेताओं को कड़ाई से निर्देशित किया गया, दुकानों पर रखे स्टॉक का स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया गया, इसके साथ ही मदिरा दुकानों से अति गोपनीय रूप से टेस्ट



परचेज करायी गई टेस्ट परचेज के दौरान मदिरा अधिकतम खुदरा मूल्य (टप्फ) पर बिक्री होते पायी गई है, उन्होंने सभी लोगों से सरकारी शराब ठेके से ही शराब खरीदकर पीने की अपील की है, अन्य किसी भी स्थान से शराब खरीदकर पीना हानिकारक बताया और जानलेवा भी, वही जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह ने बताया कि त्योहारों को लेकर आबकारी विभाग अलर्ट पर है, जगह जगह चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, किसी भी सूरत में शराब तस्करी व मिलावट बर्दास्त नही की जाएगी, चैकिंग अभियान व छापेमारी की कार्यवाई जारी है, जिसका उद्देश्य मिलावटी शराब की बिक्री रोकना है, साथ ही कोई भी ओवर रेटिंग होती है तो ठेका संचालक के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# सहारनपुर कृषि विज्ञान केंद्र पर पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण का समापन किया गया

मशरूम उत्पादन के लिए सहारनपुर क्षेत्र का वातावरण बहुत उपयोगी है

संस्कार उजाला संवाददाता

**सहारनपुर** कृषि विज्ञान केंद्र पर ग्रामीण नवयुवकों एवं महिलाओं को रोजगारपरख प्रशिक्षण के अंतर्गत मशरूम उत्पादन तकनीकी पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया डॉक्टर आई के कुशवाहा मशरूम मुख्य प्रशिक्षक एवं प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र ने बताया कि जनपद का वातावरण मशरूम उत्पादन के लिए बहुत ही अनुकूल है और इसका उत्पादन झोपड़ी या कमरों में होने के कारण शहरों या ग्रामीण इलाकों में कर सकते हैं युवाओं में इसके उत्पादन हेतु जागरूकता बढ़ती जा रही है किंतु कभी-कभी बाजार में मशरूम अधिक आ जाने के कारण बाजार में उचित मूल्य नहीं मिलता है इसलिए उत्पादकों को अपना मशरूम देहरादून लखनऊ दिल्ली चंडीगढ़ यमुनानगर रुड़की मेरठ आदि आसपास के जनपदों में भेजना पड़ रहा है ।मशरूम एक औषधि एवं पौष्टिकता से भरपूर होने के कारण इसका कृषि आय बढ़ाने में योगदान बढ़ता जा रहा है । वर्ष में चार फसले ढिगरी मशरूम की ,मिल्की मशरूम की एक फसल एवं सफेद बटन मशरूम की एक फसल यहां के वातावरण के अनुसार सीजनल की जा रही है। इसका उत्पादन फसल अवशेष जैसे भूसा सूखी पत्तियां परली आदि में की ' ढींगरी उत्पादन के लिए 20 से 30 डिग्री सेल्सियस ,मिल्की के लिए 30 से 40 डिग्री सेल्सियस और सफेद बटन मशरूम के लिए 15 से 21 डिग्री सेल्सियस अनुकूल होता है और नमी 80% पर्याप्त होती है। जनपद में 12 से अधिक कंपोस्ट पाश्चराइजेशन टनल स्थापित है जहां से उच्च स्तर का कंपोस्ट मशरूम उत्पादन हेतु तैयार होता है। डिग्री मशरूम उत्पादन के बैग घर पर ही 24 घंटे में तैयार होकर उत्पादन 20 दिन से 60 दिन



तक गेहूं भूसे का हंड्रेड परसेंट उत्पादन हो जाता है। जबकि सफेद बटन मशरूम में 15 से 30 दिन तक कम्पोस्ट खाद फिर केसिन मिट्टी डालने के बाद मार्च अप्रैल तक अनुकूल वातावरण मिलने तक चलती रहती है और लगभग 15 से 25% तक उत्पादन मिल जाता है । डॉक्टर कुशवाहा ने विस्तार से मशरूम उत्पादन ,इसका प्रसंस्करण , कीट रोग प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षथियों को मशरूम उद्यमी सत्यवीर सिंह, हिमांशु सैनी ,अमृता देहरादून, नवीन आदि ने भी जानकारी दी। प्रशिक्षार्थियों में कार्तिक , मुमिन ,मुशर्रफ, आशीष ,अंकुर, मोहित ,अवनीश, विशाल, प्रवेज, सोनिया, शुभावरी, सागर, खुर्शीद, जगत, दीपक, कामिल, दीपक कुमार, जीत सिंह ,सचिन, सचिन कुमार ,अंकित आदि उपस्थित रहे

# नशे से होता है सामाजिक व शारीरिक पतन।,नशा मुक्त समाज बनाने में छात्रों का होता है बड़ा योगदान। ज्ञानेश पाल

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
जिले की सिधौली तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित श्री वामन माध्यमिक विद्यालय बौना भारी के परिसर में नशा मुक्ति को लेकर एक कार्य क्रम क्षेत्र के समाज सेवी ज्ञानेश पाल धनगर के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने नशा मुक्त समाज बनाने के लिए नशा मुक्ति अभियान के सच्चे संवाहक बनने का प्रेरक संकल्प ग्रहण किया। इस मौके पर समाज सेवी ज्ञानेश पाल धनगर ने छात्रों को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ साथ समाज को नशा मुक्त बनने का संकल्प दिलाया।समाजसेवी ने कार्य क्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति का सामाजिक आर्थिक और शारीरिक पतन हो जाने से जीवन पूर्ण रूप से नष्ट-भृष्ट,मिटने की कगार पर पहुंच जाता है। उन्होंने नशे पर व्यापक प्रभावी नियंत्रण के लिए युवा पीढ़ी को शुरूआत से ही नशे से दूर रहने की समझाइश देकर कहा कि नशा मुक्त समाज बनाने में छात्रों का बड़ा योगदान होता है विद्यार्थी नशा मुक्ति के सच्चे तथा कर्मठ संवाहक होते हैं।नशा मुक्त समाज बनाने में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों का बड़ा योगदान होता है। इसके लिए सदैव अभियान चलाने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है।नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ साथ समाज पर भी बोझ बन जाता है। आज कल युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। सरकार इन पीड़ितों को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है,शराब और गुटखे पर रोक लगाने के प्रयास करती है।नशे के रूप में लोग शराब,गाँजा,जर्दा, ब्राउन शुगर,कोकीन,स्मैक आदि मादक पदार्थों का प्रयोग करते हैं,जो स्वास्थ्य के साथ सामाजिक और



आर्थिक दोनों लिहाज से ठीक नहीं है। नशे का आदी व्यक्ति समाज की दृष्टी से हेय हो जाता है और उसकी सामाजिक क्रियाशीलता शून्य हो जाती है, फिर भी वह व्यसन को नहीं छोड़ता। धूम्रपान से फेफड़े में कैंसर होना संभावित होता है तो वहीं कोकीन,चरस, अफीम लोगों में उत्तेजना बढ़ाने का काम करती है, जिससे समाज में नित नए अपराध और गैरकानूनी हरकतों को बढ़ावा मिल रहा है। इन नशीली वस्तुओं के उपयोग से व्यक्ति पागल और सुप्तावस्था में चला जाता है।तम्बाकू के सेवन करने वाले को तपेदिक निमोनिया और साँस की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसके सेवन से जन और धन दोनों की हानि होती है।हिंसा,बलात्कार, चोरी आत्महत्या आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बड़ी वजह है। प्रायः शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए एक्सीडेंट करना, शादी शुदा व्यक्तियों द्वारा नशे में अपनी पत्नी से मार पीट करना आम बात हो गई है। मुँह,गले व फेफड़ों का कैंसर, ब्लड प्रैशर, अल्सर, यकृत रोग, अवसाद एवं अन्य अनेक रोगों का मुख्य कारण विभिन्न प्रकार का नशा है। भारत में केवल एक दिन में ग्यारह करोड़ सिगरेट फूंके जाते हैं, इस तरह देखा जाय तो एक वर्ष में पचास अरब का धुआँ उड़ाया जाता है। कार्यक्रम का सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार मौर्य ने कहा कि आज के दौर में नशा फैशन बन गया है। प्रति वर्ष लोगों को नशे से छुटकारा दिलवाने के लिए तीस जनवरी को नशा मुक्ति संकल्प और शपथ दिवस, इकतिस मई को अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस, छब्बिस जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस और दो से आठ अक्टूबर तक भारत में मद्य निषेध दिवस मनाया जाता है।मगर हकीकत में यह दिवस कागजी साबित हो रहे हैं। वर्तमान में देश के बीस प्रतिशत राज्य नशे की गिरफ्त में हैं। इस नशा खोरी में देश का युवा वर्ग सर्वाधिक शामिल है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि युवाओं में नशे के बढ़ते चलन के पीछे बदलती जीवन शैली,परिवार का अनावश्यक दबाव,परिवार के झगड़े,इन्टरनेट का अत्यधिक उपयोग,एकाकी जीवन,परिवार से दूर रहने, पारिवारिक कलह जैसे अनेक कारण हो सकते हैं। आजादी के बाद देश में शराब की खपत साठ से अस्सी गुना अधिक बढ़ी है। यह भी सच है कि शराब की बिक्री से सरकार को एक बड़े राजस्व की प्राप्ति होती है।इसलिए सरकार नशा मुक्ति को लेकर समय-समय पर अभियान तो चलती है परंतु इसके लिए अधिक गंभीर नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार मौर्य सहायक अध्यापक राजाराम,अनूप,आशीष मौर्य,ज्ञानेश,छात्र,रूपेश कुमार,जितेंद्र कुमार,सोनू कुमार,रवि कपिल दीपांशी रानी, मिनी, संजना, शांति अरविंद कुमार,शिवम,आदि तमाम छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# तहसीलदार के लिखित आश्वासन पर माना परिवार -प्रदर्शन को समाप्त कर हुए शव का किया अंतिम संस्कार।

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
जिले के सदरपुर थाना क्षेत्र के गांव इनायतपुर निवासी चालिस वर्षीय राकेश गौतम पुत्र हीरालाल की हुई हत्या के उपरांत पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे शव को परिजनों ने घर के बाहर रखकर प्रदर्शन करते हुए अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया।परिजन पच्चिस लाख रुपए मुआवजा व आवास दिलाए जाने का लिखित आश्वासन सक्षम अधिकारी द्वारा दिए जाने की मांग करते हुए तीन घंटे से प्रदर्शन करते रहे। सूचना पर सदरपुर व महमूदाबाद प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और मान- मनौव्वल शुरू की। पीड़ित परिवार के लोग विधायक पुत्र ने भी समझाया।आखिरकार तहसीलदार के आश्वासन पर परिवार माना और तीन घंटे तक चले प्रदर्शन को समाप्त करते हुए शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। मालूम हो कि सोमवार को सदरपुर के इनायतपुर निवासी चालिस वर्षीय राकेश गौतम पुत्र हीरालाल की महमूदाबाद के पचदेवरी के खेत मालिक शोभाराम वर्मा ने अपने भाई चमन वर्मा के साथ मिलकर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए लाठियों से पिटाई कर मौत के घाट उतार दिया था। बुधवार को शव पोस्टमार्टम के बाद दोपहर ढाई बजे मृतक के गांव सदरपुर के इनायतपुर पहुंचा। पीड़ित परिवार संग दलित पिछड़ा संगठन के जिला अध्यक्ष





अम्ब्रीश बौद्ध,जिला सलाहकार सुरेश प्रकाश, जागेश्वर प्रसाद,सुर्जीत बौद्ध ने शव को घर के बाहर रखकर अंतिम संस्कार से मना करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। पीड़ित परिवार पच्चिस लाख का मुआवजा, आवास, पट्टा देने की मांग पर अड़े हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह,सदरपुर राकेश सिंह भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार की मान- मनौव्वल शुरू की। विधायक आशा मौर्या के पुत्र आकाश मौर्य ने भी गांव पहुंच पीड़ित परिवार को समझाने का प्रयास किया किन्तु परिजन नहीं माने। शाम करीब साढ़े पांच बजे तहसीलदार अनिल कुमार क्षेत्रीय लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा,आवास कृषि योग्य भूमि का पट्टा, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना,छोटी बेटी को सुकन्या योजना से लाभान्वित करने,निराश्रित महिला पेंशन योजना से विधवा पेंशन दिए जाने, राशन कार्ड मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया। करीब तीन घंटे बाद तहसीलदार के लिखित आश्वासन के बाद परिजन मान गए और शव अंतिम संस्कार कर दिया। क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद दिनेश शुक्ल ने बताया कि सोमवार को मजदूरी पर धान काटने गए थाना सदरपुर के इनायतपुर गांव निवासी चालिस वर्षीय राकेश गौतम पुत्र हीरालाल की खेत मालिक महमूदाबाद के पचदेवरी के शोभाराम वर्मा ने अपने भाई चमन वर्मा के साथ मिलकर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए लाठियों से पिटाई कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर दोनों भाइयों को नामजद करते हुए हत्या व एससी-एसटी के तहत केस दर्ज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह उप निरीक्षक अरविंद कटियार,आरक्षी अंकित, विनोद यादव की टीम ने बुधवार को पचदेवरी गांव के पास से घटना में नामजद आरोपियों शोभाराम वर्मा व चमन वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडे को बरामद करने का दावा किया है।

## संक्षिप्त डायरी

### राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 ने डेंगू रोग से पीड़ित मरीज की एक यूनिट रक्त उपलब्ध करा की मदद

संस्कार उजाला
**अलीगढ़।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा जी के निर्देशन में संगठन लगातार पिछले लंबे समय से पत्रकार हितों की लड़ाई को लड़ते हुए आ रहा है । साथ ही समाज सेवा में भी अपनी अहम भूमिका का भी निर्भर कर रहा है ।जिसके चलते बुधवार को डेंगू रोग से पीड़ित मरीज के परिजनों ने संगठन के पदाधिकारियों से संपर्क कर मदद की अपील की ।जिसके पश्चात संगठन द्वारा एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराकर मरीज की मदद की। आपको बता दे कि सोनम देवी पत्नी मनोज कुमार उम्र 37 वर्ष निवासी पेंड्रा अतरौली पिछले दिनों से डेंगू रोग से पीड़ित है। जिसके चलते वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती है ।खून की कमी होने के चलते डॉक्टरों ने परिजनों से तीन यूनिट ब्लड की मांग की ।जिसके चलते दो यूनिट ब्लड की परिजनों द्वारा उपलब्ध करा दी गई। एवं एक यूनिट ब्लड की राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की तरफ से उपलब्ध कराई गई ।जिसके पश्चात परिजनों ने संगठन का धन्यवाद भी किया।



# जिलाधिकारी ने केजीबीवी तेजवापुर का किया औमक निरीक्षण

## शिथिल पर्यवेक्षण के लिए बीएसए व बीईओ का बाधित हुआ वेतन

✪डीबीटी में शिथिललता पर लेखाकार व आपरेटर का रूका वेतन
✪हटाये जाएंगे जिला समन्वयक बालिका व वार्डेन

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**
**बहराइच** पठन-पाठन की गुणवत्ता, बालिकाओं के रहने, खान-पान, सुरक्षा, हास्टल, कक्ष-कक्षों, पुस्तकालय, रसोईघर व प्रसाधन, विद्यालय, भवन व परिसर की साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तेजवापुर का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान रसोई घर व छात्रावास के दरवाजे तथा खिड़की दुरूस्त न पाये जाने तथा खिड़की की जाली टूटी होने, विद्यालय में सुरक्षा के दृष्टिगत स्थापित किये गये क्लोज सर्किट टी.वी. से सम्पूर्ण विद्यालय की निगरानी न होने तथा बाथरूम में पानी की समुचित आपूर्ति न होने एवं विद्यालय भवन व



परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए शिथिल पर्यवेक्षण व पूर्व में दिये गये निदेशों का पालन न करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी का वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। साथ ही उच्च स्तरीय कमेटी से जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये। आवासीय विद्यालय के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्टाक पंजिका, मेनेटेनेन्स पंजिका, लेखा सम्बन्धी पंजिका व पत्रावलियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण से ज्ञात हुआ कि अभी कुछ छात्राओं के ड्रेस की धनराशि प्रेषित नहीं की गई है। जिस कारण कुछ छात्राएं बगैर यूनीफार्म के उपस्थित पायी गईं। यूनीफार्म की धनराशि के प्रेषण में शिथिलता बरतने पर डीएम ने लेखाकार व कम्प्यूटर आपरेटर का वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। कक्षा 07 के निरीक्षण के दौरान छात्राओं की अग्रेजी, गणित व विज्ञान की कापियों को अवलोकित करने पर पाया गया कि सम्बन्धित टीचरों द्वारा कॉपी की जांच नहीं की गई है। अंग्रेजी की कापी देखने पर कुछ शब्दों की स्पेलिंग भी गलत लिखी हुई मिली। डीएम ने इस कृत को शिक्षण कार्य में शिथिलता मानते हुए निर्देश दिया कि नवीनीकरण करते समय इस बात का भी संज्ञान लिया जाय। शिक्षिकाओं द्वारा बरती जा रही उदासीनता तथा विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं में कमियों को देखते हुए डीएम ने वार्डेन व जिला समन्वयक बालिका को हटाये जाने का निर्देश दिया। आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने रसोई घर तथा स्टोर, बच्चों के लिए तैयार किये गये भोजन तथा खाना तैयार करने में प्रयुक्त होने वाली खाद्य सामग्री का जायजा लिया तथा रसोईयों से भी जानकारी प्राप्त की। इसके उपरान्त डीएम ने पुस्तकालय व छात्रावास का निरीक्षण कर बच्चियों के लिए उपलब्ध बेड-बेडिंग इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने शिक्षण स्टाफ व अन्य सम्बन्धित को निर्देश दिया कि आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को मानक के अनुसार सभी सुविधाएं तथा गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान की जाय।

# विश्व भारती जन सेवा संस्थान की ओर से सहारा इण्डिया को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा पत्र।

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
विश्व भारती जन सेवा संस्थान के पैड पर एक पत्र सोशल मीडिया पर बहुत तेजी के साथ वायरल हो रहा है।यह पत्र विश्व भारती जन सेवा संस्थान झारखंड के राष्ट्रीय महा सचिव नागेंद्र कुशवाहा के हस्ताक्षर से दिनांक आठ अक्टूबर 2024 के हस्ताक्षर से व्हाट्सएप और फेसबुक पर चल रहा है।जिसमें सहारा जमाकताओं द्वारा सहारा इण्डिया की कम्पनियों के विरुद्ध जिला उपभोक्ता न्याय प्रतितोष आयोग तथा हाई कोर्ट के निर्देशों के क्रम में केन्द्र सरकार द्वारा सहारा इण्डिया के पक्ष में एक एल ऐ संख्या 227999/24 लगाया गया है जिसमें देश भर में सहारा इण्डिया की विभिन्न कम्पनियों में जमा कताओं की धनराशि वापस नहीं मिलने से तमाम कार्यवाहियों को रूकवाने हेतु लगाया गया है।ऐसा इस पत्र में लिखा गया है।इस पत्र में यह भी लिखा गया है कि सरकार द्वारा लगाई गई एल ऐ से प्रतीत हो रहा है की जमाकताओं का भुगतान पर जो देश भर कार्रवाइयां चल रही है इससे सहारा को बचाया जाये।जिस प्रकार से सीआरसी द्वारा पोर्टल लॉन्च करने पर आज भी देश भर के जमाकताओं को मात्र एक प्रतिशत का



VISHWA BHARTI JANSEVA SANSTHAN

JANARDAN MISHRA (National President) | NAGENDRA KUMAR KUSHWAHA (National Secretary) | AMARESH CHAKRABORTY (National Treasurer)

Ref No:VBJS/00171/24-25 Date:08/10/2024

सेवा में,
श्री सुदामा प्रसाद जी
माननीय सांसद महोदय
आरा लोकसभा

विषय-केन्द्र सरकार के द्वारा सहारा को बचाव करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट में LA संख्या 227999/2024 में जो लगाया गया है, वह सहारा के निवेशकों के खिलाफ है, इसके विरुद्ध में भारत सरकार को पत्र लिखने के संबंध में।

महोदय,
उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि केन्द्र सरकार सहारा इंडिया के पक्ष में खुलकर समर्थन कर रहा है, इसका जिता जागता उदाहरण यह है कि सहारा इंडिया के करोड़ो गरीब निवेशक सहारा से भुगतान न मिलने के कारण पाई पाई को तरस रहे है, हजारो लोग अभी तक आत्महत्या तक कर चुके है, इनमें से कुछ जमाकर्ता किसी तरह कर्ज लेकर कंज्युमर कोर्ट/हाई कोर्ट तक पहुँच रहे है, तो इनमें से कई लोगों को कानूनी कार्यवाही के डर से सहारा इंडिया भुगतान भी किया है, और बहुत सारे केस आज भी इन कोर्टो में लंबित है, जिसे रूकवाने के लिए खुद केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में LA संख्या 227999/2024 लगा दिया है, इससे यह प्रतीत होता है कि भारत सरकार नहीं चाहती है कि सहारा के ऊपर किसी भी तरह का कोई कार्यवाही हो और जमाकर्ताओं का भुगतान हो।

अतः महोदय से आग्रह है इस मशले पर संज्ञान लेते हुए केन्द्र सरकार को एक कड़ा पत्र लिखने का कष्ट करें और आने वाले शीतकालीन शत्र में संसद में मुख रूप से इस मुद्दे पर चर्चा करे।

धन्यवाद।
जय हिंद जय भारत

आपका विश्वासी
नागेन्द्र कुमार कुशवाहा
राष्ट्रीय सचिव

आंशिक भुगतान हो पाया है सभी जमाकर्ता भुगतान न होने के कारण परेशान हैं। सरकार और सहारा द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही से जनता और परेशान होगी। हालांकि वायरल हो रहे इस पत्र की पुष्टि यह संस्थान नहीं करता है। फिर भी वायरल हो रहे पत्र के अनुसार विश्व भारती जन सेवा संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेन्द्र कुमार कुशवाहा ने सुदामा प्रसाद सांसद लोकसभा क्षेत्र आरा को सम्बोधित कर उपभोक्ताओं की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए सरकार को कड़ा पत्र लिख कर इस मुद्दे को शीत कालीन सत्र में उठाने का अनुरोध किया है।

### मजदूर की पीट पीट कर हत्या मृतक की बेटी ने लगाया गंभीर आरोप

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
जिले की तहसील महमूदाबाद के एक गांव में मजदूरी करने गए व्यक्ति की चोरी के संदेश में पीट पीट कर हत्या कर दी गई।मजदूर की हत्या के बाद मजदूर की बेटी ने कहा कि यदि घर मे खाने को होता तो मेरे पिता मजदूरी करने ना जाते और न ही उनकी हत्या होती।मेरे पिता चोर नहीं थे।यह कहना है मृतक की बेटी पूजा का। रो रो कर परिवार पर हुए इस वज्रपात की कहानी बताते हुए बड़ी बेटी पूजा के साथ गॉव की तमाम पुरुष व महिलाओं की आंखों में आंसू आ गए। जानकारी के अनुसार जिले की तहसील महमूदाबाद के गांव पच देवरी निवासी पचास वर्षीय राकेश मजदूरी करने गए थे जहां उनकी पीट पीट कर हत्या कर दी गई। बताने के अनुसार व्यवहार के अच्छे राकेश की गॉव में सबसे अच्छी बनती थी क्योंकि भूमि हीन होने के बाद अपनी मेहनत के बल पर आधा दर्जन से अधिक लोगों का भरण पोषण मजदूरी करके करते थे। राकेश की मौत के बाद लोगों की जुबान पर है कि अब परिवार कौन चलाएगा। यहाँ गौरतलब है कि बीते दिवस कोतवाली के ग्राम पचदेवरी में एक पचास वर्षीय दलित मजदूर राकेश की पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी। घटना के मामले में मीडिया को परिजनों ने बताया कि पुलिस ने सांठ गांठ करके जहां एक ओर शव गायब कर दिया वहीँ कोतवाली महमूदाबाद पहुंचे परिजनों को शव देखने तक नही दिया।परिजनों नेआरोपियों से मिल जाने व मामले को रफा दफा करने का भी आरोप लगाया है। मृतक के घर पहुंचे मीडिया के लोगों को दामाद संजय व बेटी पूजा ने बताया कि मेरे भाई इंद्रजीत को पुलिस ने थाने पर रोक कर शव कहीं गायब कर दिया।तमाम रिश्तेदार व परिवार के लोग शव की एक झलक तक नहीं पा सके। महमूदाबाद व सदरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक मृतक के घर पर दल बल के साथ डटे है।परिजनों ने बिना पंचनामा कराए शव को पी एम हेतु जबरन भेजे जाने का भी पुलिस पर आरोप जड़ा है। बताते चलें कि झोपड़ी डालकर अपने परिवार के साथ निवासरत दलित राकेश परिवार का मुखिया होने के साथ भूमिहीन भी था।गॉव में तरह तरह की चर्चाऐं है लोगो ने सरकार से न्याय दिलाये जाने की मांग की है। पोस्टमार्टम के बाद गांव में शव के पहुंचने के बाद मृतक का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी मिली है कि भारी दबाव के चलते इस सम्बन्ध में पुलिस में घटनामें शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय कर दिया है।



### महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल ने किया 42 वीं वाहिनी एस एस बी का दो दिवसीय भ्रमण

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**
**नानपारा बहराइच** नानपारा महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल अमृत मोहन प्रसाद (भा.पु.से.) का 42वीं वाहिनी का भ्रमण किया दो दिवसीय भ्रमण के दौरान दिनांक 08/10/24 को वाहिनी मुख्यालय नानपारा में आगमन हुआ। इस दौरान महानिदेशक का अधिकारी मेस में गंगा सिंह उदावत कमांडेंट 42वीं वाहिनी द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया,उसके बाद वाहिनी के सभागार में पावर प्वांइट प्रजेंटेशन एवं मैप के माध्यम से वाहिनी के बारे कमांडेंट 42वीं वाहिनी के द्वारा महानिदेशक को विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान रत्न संजय(भा.पु.से.) महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ, महेश कुमार (उप महानिरीक्षक) सीमांत मुख्यालय लखनऊ., वी. विक्रमण (उप महानिरीक्षक) क्षेत्रक मुख्यालय लखीमपुर खीरी, मनोज कुमार (कमांडेंट) बल मुख्यालय नई दिल्ली, और 42वी वाहिनी के पार्थ सारथी राय उप कमांडेंट, दिलीप कुमार उप कमांडेंट(प्रचालन), शशिकांत कुमार सिंह (सहायक कमांडेंट संचार) उपस्थित रहें। रात रुकने के बाद दिनांक 09-10-24 को वाहिनी के प्रांगण में महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात महानिदेशक एकीकृत जांच चौकी रूपैडिहा के लिए रवाना हुए जहां सुधीर शर्मा प्रबंधक ICP एवं ICP पर कार्यरत स.सी.बल के समवाय कमांडर ने वहां के कार्य प्रणाली से महानिदेशक को अवगत कराया। प्रतिपक्ष नेपाल ए.पी.एफ. के DIG प्रदीप पाल , बिमल डांगी कमांडेंट 30वीं वाहिनी व अन्य अधिकारीयों के साथ भेंट एवं वातार्लाप किया तथा यादगार स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किया। ICP पर कार्यरत स.सी.बल के कार्मिकों से वातार्लाप किया उनकी समस्याओ को सुना तथा यथाशीघ्र उन्हे दूर करने का आश्वासन दिया। उसके बाद व्यापार एवं पारगमन मार्ग पर स्थित सीमा चौकी रूपैडिहा का भ्रमण किया जहां BIT, AHTU, श्वान दस्ता एवं अन्य कार्य प्रणाली को देखा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बार्डर रोड एवं सीमा चौकी मुंशीपुरवा के भ्रमण के उपरांत वाहिनी मुख्यालय में सैनिक सम्मलेन लिया जवानों की समस्याओ को सुना तथा उन्हे अपनी समस्या लिखकर सक्षम अधिकारी की अनुशंसा के साथ उच्च मुख्यालय को प्रेषित करने को कहा एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार उन्हे दूर करने का आश्वासन दिया साथ ही साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दिये एवं सीमा पर अत्यधिक सतर्कता व चौकसी बरतने हेतु निर्देशित किया। जवानों के साथ सूक्ष्म जलपान के बाद महानिदेशक बल मुख्यालय रवाना हुए।



# प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, न्यारा सजा है तेरा द्वार...

# तरीनपुर के ताड़कनाथ मंदिर में हुआ भव्य देवी जागरण का आयोजन

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
शहर के प्राचीन बाबा श्री ताड़कनाथ मन्दिर परिसर में मंगलवार की रात एक विशाल जगराते का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए देवी गीतों पर पूरी रात श्रृद्धालु श्रृद्धा और भक्ति से झूमते रहे। जागरण का शुभारंभ मां दुर्गा के आह्वान,पूजन व आरती के साथ किया गया। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों के मध्य मन्दिर के महन्त एवं प्रधान पुजारी श्रीश्री 1008 बाबा रामदुलारे दास ने मां का पूजन अर्चन किया। मंदिर के प्रधान पुजारी ने देवी की ज्योति प्रज्जवलित कर जागरण का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रथम पूज्य गणेश देव एवं ज्ञान व संगीत की देवी मां सरस्वती की अर्चना की



गई।मयूर जागरण पार्टी के कलाकारों ने पूरी रात गीत और संगीत से समां बांधे रखा।हरदोई से आए भजन गायक जागरण सिंह,अमन शिवआसरे, शाहजहांपुर से आए गायक मुकेश दीवाना, लखीमपुर की भजन गायिका विमला के साथ ही प्रदीप अज्ञानी और विशाल मधुकर ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है..., मां मुरादें पूरी कर दे हलुआ बांटूंगी..., भोले ओ भोले..., प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी... आदि भजन प्रस्तुत कर पूरी रात देवी भक्तों को श्रृद्धा के सागर में गोते लगवाए। इस दौरान जागरण पार्टी के संचालक सनी निषाद ने पैड बजाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अंशुल ने ऑर्गन और कार्तिकेय ने नाल से गायकों के साथ शानदार संगत की। सुबह तारा रानी की कथा एवं प्रसाद वितरण के साथ देवी जागरण का समापन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद सीतापुर के वार्ड तरीनपुर के सभासद राकेश गुप्ता पिंकू,राजेश सक्सेना बड़कऊ,प्रदीप सक्सेना छोटकऊ,राजीव गुप्ता तेजू,राजू गुप्ता, गिरीश प्रधान,विकास कनौजिया,सरोज खरे, विकास गुप्ता,दिनेश दीक्षित प्रमोद राठौर,ललित शुक्ल, प्रदीप शुक्ल,सचिन त्रिपाठी, शिवपाल,अनूप श्रीवास्तव सहित काफी तादात में मां के भक्त मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवसों के लिए नामित किये गये राजपत्रित अधिकारी व पर्यवेक्षणीय अधिकारी

आगामी माह अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर 2024 के लिए रोस्टर निर्धारित

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0 अब्दुल खबीर**
**बहराइच ।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक थानों पर आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों को प्रभावी, सार्थक एवं जनोपयोगी बनाये जाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी एवं पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के संयुक्त हस्ताक्षर से थानावार राजपत्रित अधिकारी नामित किये गये है। जारी रोस्टर के अनुसार नामित राजपत्रित अधिकारी माह अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर 2024 के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों में राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल व नगर निकाय के क्षेत्रान्तर्गत थानों में सम्बन्धित निकाय के अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजन की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का समाधान पंचायती तरीके से कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक के संयुक्त हस्ताक्षर द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार तहसील सदर अन्तर्गत कोतवाली नगर के लिए तहसीलदार सदर बहराइच, कोतवाली देहात के लिए चकबन्दी अधिकारी सदर, थाना दरगाह शरीफ के लिए तहसीलदार न्यायिक सदर व रानीपुर के लिए नायब तहसीलदार सदर व रिसिया के लिए बीडीओ रिसिया को राजपत्रित अधिकारी तथा नगर मजिस्ट्रेट को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है। तहसील पयागपुर अन्तर्गत थाना पयागपुर के लिए तहसीलदार पयागपुर, विशेश्वरगंज के लिए बीडीओ विशेश्वरगंज, हुजूरपुर के लिए बीडीओ हुजूरपुर को राजपत्रित अधिकारी तथा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बहराइच को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है। तहसील कैसरगंज अन्तर्गत फखरपुर के लिए नायब तहसीलदार कैसरगंज, कैसरगंज के लिए तहसीलदार कैसरगंज, जरवलरोड के लिए बीडीओ जरवल व तहसील महसी अन्तर्गत रामगॉव के लिए बी.डी.ओ. शिवपुर, हरदी के लिए बीडीओ तेजवापुर, बौण्डी के लिए तहसीलदार महसी राजपत्रित अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है। तहसील नानपारा अन्तर्गत खैरीघाट के लिए नायब तहसीलदार महसी, कोतवाली नानपारा के लिए तहसीलदार नानपारा, रूपईडीहा के लिए नायब तहसीलदार नानपारा, नवाबगंज के लिए बी.डी.ओ. बलहा, मटेरा के लिए बीडीओ नबाबगंज व तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत कोतवाली मूर्तिहा के लिए नायब तहसीलदार मिहींपुरवा, सुजौली के लिए बीडीओ मिहींपुरवा तथा मोतीपुर के लिए तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर) को थाना समाधान दिवस के लिए राजपत्रित अधिकारी तथा मुख्य राजस्व अधिकारी को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है।

### बबुरी गांव के ग्रामीणों ने उठाई प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
जिले की विकास खण्ड खैराबाद के अंतर्गत एक ग्राम पंचायत के वाशिंदों ने गांव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार जिले के विकास खण्ड खैराबाद के ग्राम बबुरी (रामकोट) के ग्रामीणों ने सन 1941 में बने शिव मन्दिर के जीर्णोद्धार की मांग सरकार व जन प्रति निधियों से की है। ग्रामीणों ने इसके लिए एक बैठक भी की। बैठक में ग्रामीणों ने इस मांग को उचित फोरम पर पहुंचाने का निर्णय लिया। ग्रामीणों का कहना है कि मन्दिर की वर्तमान दशा काफी जर्जर है।जिसको तुरन्त मरम्मत करा कर ठीक कराया जाए जिससे शिव भक्तों द्वारा भक्ति कार्य जारी रखा जा सके। ग्रामीणों ने बताया की वर्तमान सरकार मन्दिरों के जीर्णोद्धार का कार्य जोर- शोर से कर रही है ऐसे में हमें विश्वास है कि हमारे गांव में स्थित भगवान शिव के मन्दिर का भी जीणोर्धार कराया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शासन को इस मांग से जल्द ही अवगत कराया जाएगा।मांग करने वाले ग्रामीणों में जयसिंह,राम सागर राठौर,बृजमोहन, बुद्धा,चंदर, कमलेश,बबलू, राम सहारे, आदि लोग उपस्थित रहे।



# हरियाणा की जनता ने मोदी मॉडल पर जताया विश्वास- अनूप गुप्ता

## जनता एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के विश्वास ने विपक्ष के द्वारा बनाई गई जलेबी के जलाव मे ही विपक्ष को डुबाया- अभिषेक

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
हरियाणा विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लगातार जीत दर्ज कर जीत की हैट्रिक लगाने की खुशी में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं लखीम पुर एमएलसी अनूप गुप्ता ने जिले की नगर पालिका परिषद खैराबाद पहुंच कर वहां मौजूद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत यह दशार्ती है,कि हरियाणा की जनता ने मोदी मॉडल पर विश्वास जताया है।उन्होंने इस जीत पर हरियाणा की समस्त जनता सहित देश एवं प्रदेश के समस्त कार्यकर्ताओं को इस प्रचंड जीत की बधाई अर्पित की। इस मौके पर नगर पालिका परिषद खैराबाद के अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहा कि जनता के मोदी मॉडल विश्वास एवं





भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत एवं लगन ने विपक्ष को उनके ही द्वारा बनाई गई जलेबी के जलाव में डूबा कर रख दिया। इस खुशी के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ल, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी खैराबाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बब्लू,नगर पालिका परिषद सीतापुर अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनेन्द्र अवस्थी,भाजपा जिला महा मंत्री विश्राम सागर राठौर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अनूप विश्वकर्मा भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राम विक्रम सिंह खैराबाद नगर अध्यक्ष भाजपा संदीप अवस्थी कुलदीप जायस वाल,विष्णु गौतम,उमेश जायसवाल आदि सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### ई-रिक्शा मालिकों/चालकों का सत्यापन कर लगाया गया क्यूआर कोड



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** जनपद में यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने, शहर में ई-रिक्शा सेवाओं को और अधिक सुरक्षित एवं संगठित बनाने तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत ई-रिक्शा मालिकों/चालकों के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल द्वारा एक अनोखी पहल शुरू की गई है जिसके अन्तर्गत ई-रिक्शा मालिकों/चालकों का सत्यापन कर एक विशेष क्युआर कोड प्रदान किया जा रहा है, इस क्रम में जीआईसी ग्राउंड बांदा में लगाये गए नि:शुल्क कैम्प के माध्यम से अब तक लगभग 500 ई-रिक्शा का सत्यापन कर उन पर क्युआर कोड चस्पा किए जा चुके हैं। कोई भी यात्री क्युआर को स्कैन कर ई-रिक्शा चालक/मालिक के बारे जानकारी कर सकता है साथ ही कोई महिला यात्री इसका विवरण अपने परिवारीजनों को भी साझा कर सकती है । सभी यात्रियों खासकर महिला यात्रियों से अपील है कि वे सत्यापित ई-रिक्शा जिसमें क्युआर कोड चस्पा हों उन्ही पर यात्रा करें, ऐसे ई-रिक्शों का पुलिस द्वारा वेरिफिकेशन किया जा चुका है । ई-रिक्शा चालक रजिस्ट्रेशन/सत्यापन के संबंध में मो० नं० 8739079875/8174836194 सम्पर्क कर सकते हैं। ई-रिक्शा चालक नजदीकी जनसेवा केन्द्र से https://bandapolice.com/ पर जाकर भी सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं । सभी ई-रिक्शा चालकों/मालिकों से अपील है कि वे नि:शुल्क कैम्प पहुंचकर सत्यापन कराएं इससे वे कई प्रकियागत समस्याओं से बच सकते हैं तथा यह उनके रोजगार में मदद करेगा। ई-रिक्शा सत्यापन हेतु अपने साथ आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तथा रेजिस्ट्रेशन पेपर साथ लाए, इस संबंध में यदि कोई समस्या होती है तो ऊपर दिए गए नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं। सत्यापन की प्रकिया पूर्णत: नि:शुल्क है।

### गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के बांदा आगमन पर कार्यक्रम किए गए आयोजित



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष माननीय श्याम बिहारी गुप्ता के बांदा आगमन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए प्रथम कार्यक्रम विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के पदाधिकारी के द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मोहम्मद असलम खान के आवास में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष का माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति के द्वारा जिले में हो रही विभिन्न गौशालाओं की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा गया। आयोग के अध्यक्ष के द्वारा तुरंत ही आश्वासन दिया गया कि आपके द्वारा दी गई सूचना के अनुसार तुरंत ही कार्रवाई करने का निर्देश दिए जाएंगे। आगे इसी कड़ी में सुबह 7:30 बजे कनवारा गौशाला में स्थित स्थाई गौशाला में गोपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष माननीय श्याम बिहारी गुप्ता जी के द्वारा गौ माता को चुनरी उड़ाकर और माला पहनकर गुड़ खिलाकर गोपूजन कार्यक्रम किया गया और उन्होंने पूरी गौशाला का भ्रमण भी किया विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उन्होंने सख्त निर्देश दिया अगर किसी गौशाला में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसे क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर तुरंत उचित कार्रवाई की जाएगी इसके जिम्मेदार वह स्वयं होगा। इस मौके में पशु चिकित्सा अधिकारी शिवकुमार पशु अधिकारी, रमेश यादव, मोहम्मद असलम खान बुंदेलखंड नेचुरल, गौ रक्षा समिति के महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रजापति, जिला मंत्री महेश कुमार गुप्ता, सदर तहसील अध्यक्ष विनय कुमार प्रजापति, सुधीर कुमार, बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा, आदि कार्यकर्ता में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भरत मिलाप और दशरथ मरण का मंचन देख दर्शकों के छलके आंसू



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** के तिंदवारी कस्बे में दुर्गा महोत्सव के अवसर पर कस्बे में चल रही 11 दिवसीय श्री रामलीला के छठवें दिन दशरथ मरण, भरत मिलाप तथा शूर्पणखा नकटी की लीला का मंचन हुआ जिसको देख कर दर्शक भावविभोर हो गए। मंगलवार को रामलीला मंचन के दौरान भरत अयोध्या लौटते है। उन्हें पता लगता है कि उनकी माता केकई ने राम को 14 वर्ष का वनवास और अपने पुत्र भरत के लिए अयोध्या का राज मांग लिया है। यह सुनकर वे अपनी माता जी को भला बुरा कहते हैं। पिता का दाह संस्कार करने के बाद राम को वापस अयोध्या लाने के लिए वन की ओर चल देते हैं। वन में भरत राम के गले लग जाते हैं। राम को अयोध्या वापस ले जाने के लिए कहते हैं, लेकिन राम उन्हें धर्म का पाठ पढ़ाते हैं। भरत सील गुर सचिव समाजू। सकुच सनेह बिबस रघुराजू।।प्रभु करि कृपा पाँवरीं दीन्हीं। सादर भरत सीस धरि लीन्हीं।। अर्थात इधर तो भरतजी का शील (प्रेम) और उधर गुरुजनों, मंत्रियों तथा समाज की उपस्थिति! यह देखकर श्री रघुनाथजी संकोच तथा स्नेह के विशेष वशीभूत हो गए (अर्थात भरतजी के प्रेमवश उन्हें पाँवरी देना चाहते हैं, किन्तु साथ ही गुरु आदि का संकोच भी होता है।) आखिर (भरतजी के प्रेमवश) प्रभु श्री रामचन्द्रजी ने कृपा कर खड़ाऊँ दे दीं और भरत जी ने उन्हें आदरपूर्वक सिर पर धारण कर लिया। चरन पीठ करुनानिधान के। जनु जुग जामिक प्रजा प्रान के।।संपुट भरत सनेह रतन के। आखर जुग जनु जीव जतन के।।अर्थात करुणानिधान श्री रामचंद्रजी के दोनों खड़ाऊँ प्रजा के प्राणों की रक्षा के लिए मानो दो पहरेदार हैं। भरतजी के प्रेमरूपी रत्न के लिए मानो डिब्बा है और जीव के साधन के लिए मानो राम-नाम के दो अक्षर हैं।कुल कपाट कर कुसल करम के। बिमल नयन सेवा सुधरम के।।भरत मुदित अवलंब लहे तें। अस सुख जस सिय रामु रहे तें।। अर्थात रघुकुल (की रक्षा) के लिए दो किवाड़ हैं। कुशल (श्रेष्ठ) कर्म करने के लिए दो हाथ की भाँति (सहायक) हैं और सेवा रूपी श्रेष्ठ धर्म के सुझाने के लिए निर्मल नेत्र हैं। भरतजी इस अवलंब के मिल जाने से परम आनंदित हैं। उन्हें ऐसा ही सुख हुआ, जैसा श्री सीता-रामजी के रहने से होता है।मागेउ बिदा प्रनामु करि, राम लिए उर लाइ।लोग उचाटे अमरपति, कुटिल कुअवसरु पाइ।। अर्थात भरतजी ने प्रणाम करके विदा माँगी, तब श्री रामचंद्रजी ने उन्हें हृदय से लगा लिया।संवाद देख दर्शकों की आंखें नम हो गई। भरत राम की खड़ाऊ सिर पर रखकर अयोध्या लौटते है। सूर्पनखा की राक्षसी हरकत देख लक्ष्मण उसके नाक कान काट देते है। क्रोधित रावण के भाई खर दूषण बदला लेने आते है। लेकिन राम के हाथों मारे जाते है। कमेटी प्रबन्धक आनंद स्वरूप द्विवेदी, अध्यक्ष अनिल कुमार लखेरा, महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता, मुख्य सचेतक हरवंश श्रीवास्तव, उप प्रबन्धक धीरज गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन सुशील गुप्ता तथा मनीष बजाज, निखिल गुप्ता, देवा सिंह, राजू सोनी ने व्यवस्था संभाली।

# जिलाधिकारी ने सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान, पेयजल पाइप लाइन रिस्टोरेशन कार्य,

प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा बृहद गौ संरक्षण केंद्र सल्लिया का किया औचक निरीक्षण

संस्कार उजाला

**जनपद शाहजहांपुर**

शाहजहांपुर/ बुधवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह विकासखंड भावल खेड़ा अंतर्गत ग्राम दौलतपुर में क्रॉप कटिंग के संबंध में पहुंचे। ग्रामीणों को जिलाधिकारी के आगमन का पता लगने पर उन्होने जमा होकर अपनी अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी की समस्याओं को सुना तथा मौके पर पहुंच कर उसका सत्यापन भी किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान, हर घर जल,जल जीवन मिशन अंतर्गत डाली गई पेयजल पाइप लाइन, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा बृहद गौ संरक्षण केंद्र सल्लिया का औचक निरीक्षण किया और ग्रामीणों द्वारा बताई गयी समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कोटेदार को खराब गणवत्ता का गल्ला प्राप्त हुआ है। गोदाम से खराब गुणवत्ता का गल्ला दिखाने पर उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से पूरा खाद्यान्न मिलने के संबंध में भी जानकारी ली। हर घर जल,जल जीवन मिशन अंतर्गत डाली गई पेयजल पाइप लाइन के रेस्टोरेशन का कार्य ठीक से न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जल निगम द्वारा 15 दिनों में



रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्ण किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से हर घर में टोटी से जल प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी ली, तो ग्रामीणों ने बताया लगभग 15 दिनों से पानी आ रहा है। जिलाधिकारी ने स्वयं नल खोलकर पानी आ रहा अथवा नही यह चेक किया। प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय निरीक्षण में शौचालय एवं हैंड वॉश संचालित ना मिलने सहित विभिन्न कमियां मिलने पर जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी का जवाब तलब के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षक कार्य को भी परखा। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों को अच्छे से पढ़ाया लिखाया जाए। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारिक शिक्षा भी दी जाए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कई शिक्षक, शिक्षिका सीसीएल एवं आकस्मिक अवकाश मिलने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मानव संपदा पोर्टल से ऑनलाइन छुट्टी स्वीकृत के संबंध में सत्यापन कराया जाए। जिलाधिकारी ने मध्याह्न भोजन में प्रयोग किए जाने वाले तेल मसाले के संबंध में भी जानकारी ली तथा गैस पर खाना बनते ना मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की गैस पर मध्यान्ह भोजन बनाया जाए। ग्रामीणों द्वारा बताया गया की बरसात के समय तालाब का पानी घरों तक आ जाता है जिससे आने-जाने में बहुत समस्या होती है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को निर्देश दिए 2 महीने में लोगों की समस्या का समाधान कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से आयुष्मान कार्ड बने, सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से राशन मिलने आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को पढ़ने अवश्य भेजें। ग्राम प्रधान बच्चों को पढ़ने के लिए जागरूक करें। जिलाधिकारी ने पंचायत सहायक को निर्देश दिए कि विद्यालय न जाने वाले बच्चों की सूची बनाकर उपलब्ध कराएं। बृहद गौ संरक्षण केंद्र सल्लिया में निरीक्षण दौरान 439 गोवंश मिले। जिलाधिकारी ने गोवंशों के टीकाकरण चारे पानी रहने आदि व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने गोपाल को निर्देश दिए कि गोवंशों को समय से चारा पानी आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

# श्जोगराजपुर में संचारी रोगों से बचाव के लिए करवाया गया दवा छिड़काव

संस्कार उजाला

**पूरनपुर।** मौसम में बदलावँ के साथ-साथ मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ने लगता है। सरकार द्वारा समय-समय पर बीमारियों से बचाव के लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाये जाते है। सरकार गाँवों में मच्छर जनित एवं एंटी लारवा दावाओं का छिड़काव करवा रही है। सोमवार कोई जोगराजपुर के ग्राम प्रधान किन्दर सिंह द्वारा जोगराजपुर गाँव में मच्छर जनित बीमारियों एवं संचारी रोगों से बचाव के लिए गांव में स्थित नालियों, विद्यालयों ,पंचायत भवन एवं सड़कों के किनारे एंटी लारवा आदि दवाई का छिड़काव करवाया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान किन्दर सिंह ने लोगों को जागरुक




करते हुए बताया कि नल के पास,घरों के आसपास आदि जगहों पर पानी इकट्ठा न होने दें। एक जगह पर कई दिनों तक पानी इकट्ठा रहने से मच्छर जनित रोग पनपने लगते हैं और यह रोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं और तरह-तरह की बीमारियों को जन्म देते हैं। ग्राम प्रधान द्वारा एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराये जाने पर गांव वालों ने काफी प्रसन्नता व्यक्त की है और इस कार्य की सराहना की है।

## अवैध शराब की बिक्री करने वाले अभियुक्त को थाना बबेरु पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब बरामद ।

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शराब की बिक्री व निष्कर्षण करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा अवैध शराब की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना बबेरु पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान औगासी रोड विजय ढाबा के पास से एक अभियुक्त को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 45 क्वार्टर अवैध देशी शराब व परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद हुआ है ।

बरामदगी-

45 क्वार्टर अवैध देशी शराब मस्तीह ब्राण्ड परिवहन में प्रयुक्त 01 स्कूटी ।



गिरफ्तार अभियुक्त-

1.शेर सिंह पुत्र माता प्रसाद निवासी पतवन थाना बबेरु जनपद बांदा ।

पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0 179/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना बबेरु जनपद बांदा ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1.उ0नि0 कल्वे अब्बास खां

2.कां0 अजय कुमार

## मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूलों/ कालेजों में आयोजित किए गए जागरुकता कार्यक्रम ।

नरैनी के विवेकान्द इण्टर कॉलेज, अतर्रा के हिन्दू इण्टर कॉलेज, कमासिन के विनोवा इण्टर कॉलेज तथा बबेरु के माध्यमिक विद्यालय पतवन में छात्राओं को किया गया जागरूक ।

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे *मिशन शक्ति- 5.ड अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आज दिनांक 09.10.2024 को जनपद बांदा में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बांदा पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूलों और कॉलेजों में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और विभिन्न कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान किया गया । अभियान के तहत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता



कार्यक्रमों का आयोजन किया, जहां छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी गई । पुलिस अधिकारियों ने साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा ऐप्स, हेल्पलाइन नंबरों और आत्मरक्षा के गुरों के बारे में भी जानकारी दी । क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी द्वारा थाना नरैनी क्षेत्र के विवेकान्द इण्टर कॉलेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बालिकाओं को संबोधित किया । इस अवसर पर उन्होने कहा कि- ह्लमहिलाओं की सुरक्षा केवल एक कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है । जब तक हर नागरिक महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति सजग नहीं होता, तब तक सशक्त समाज का निर्माण संभव नहीं है ।ह्व कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी अपने सवालों के माध्यम से सक्रिय भागीदारी दिखाई और महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए । बांदा पुलिस का यह अभियान यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि समाज के हर वर्ग को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए और महिलाओं के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो । इसी क्रम में थाना कमासिन की मिशन शक्ति टीम द्वारा विनोवा इण्टर कॉलेज कमासिन में, थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा माध्यमिक विद्यालय पतवन में तथा थाना अतर्रा की मिशन शक्ति टीम द्वारा हिन्दू इण्टर कॉलेज अतर्रा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई ।

## शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु मलाये जा रहे मिशन शक्ति- 5.ड अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नरैनी द्वारा पार्वती डिग्री कॉलेज नरैनी में जागरुकता अभियान गरूड़ का किया गया आयोजन ।

छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं तथा साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में दी गई जानकारी ।

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.ड अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है हर नारी में छुपी है शक्ति अपार, अब उसे मिल रहा है उसका अधिकार जागेगी वो, तो जागेगा समाज, मिशन शक्ति से नारी पाएगी नया अंदाज इसी क्रम में आज दिनांक 08.10.2024 को क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में नरैनी के पार्वती डिग्री कॉलेज में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया । इस अभियान का उद्देश्य कॉलेज की छात्राओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सशक्तीकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें । इस अवसर पर छात्राओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला शक्ति हेल्पलाइन 181 तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में जानकारी दी गई । मिशन शक्ति अभियान की कड़ी के रुप में ही बांदा पुलिस द्वारा ऑपरेशन गरूड़ चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी



तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता एवं बचाव सबसे महत्वपूर्ण है साथ ही उन्हे साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों जैसे फिशिंग, मैलवेयर, डेटा ब्रिच, हैकिंग, आईडी थेफ्ट आदि के बारे में भी जानकारी दी गई । बालिकाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न अपराधों एवं महिला सशक्तीकरण की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्मों को दिखाकर जागरुक किया गया । जागरुकता अभियान के दौरान कॉलेज की कक्षा-11 की छात्रा दिव्यांशी मिश्रा को ह्लशिक्षामित्रह्व नियुक्त किया जो जागरुकता अभियान में मिशन शक्ति टीम का सहयोग करेंगी तथा अपने आसपास की महिलाओं को भी जागरुक करेंगी जागरुकता अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया मिशन शक्ति की ये पुकार नारी का सम्मान है हमारा आधार नारी गरिमा और सशक्तिकरण की बात, बढ़ाए हर कदम, दे उसे नई सौगात

## जिला टास्क फोर्स बाल एवं बधुआ श्रम समिति बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला टास्क फोर्स बाल एवं बधुआ श्रम समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने श्रम परिवर्तन अधिकारी को बाल एवं बधुआ श्रम के अन्तर्गत पाये जाने वाले बच्चों को शैक्षिक सुविधा एवं उनका पुनर्वासन किये जाने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीओ डूडा के सहयोग से कराये जाने के निर्देश को दिये। उन्होंने बाल एवं बधुआ श्रम के अन्तर्गत निरन्तर नजर रखने एवं प्रवर्तन कार्य के द्वारा चेकिंग किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिये। उन्होंने बाल एवं बधुआ श्रम के लिए जनपद में रजत वर्मा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी बनाये जो के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बाल श्रमिकों को भी चिन्हित करते हुए उनके पुनर्वासन तथा शैक्षिक सुविधा हेतु विद्यालयों में प्रवेश दिलाये जाने के सम्बन्ध में बेसिक शिक्षाधिकारी एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिला प्रोबेसन अधिकारी को निर्देशित किया कि बधुआ श्रम व बाल श्रम में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय कराते हुए उन्हें आवश्यक सुविधायें दिलायें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बाल संरक्षण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किये जाने के लिए विद्यालयों में जानकारी दिये जाने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने बाल संरक्षण समितियों एवं चाइल्ड लाइन को भी सक्रिय करते हुए बाल श्रम, बाल विवाह तथा बालकों से सम्बन्धित सुरक्षा सुविधाओं को दिलाये जाने के लिए कार्य किये जाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सम्बन्धित समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# तीर्थ यात्रियों से भरी बस ने खड़े टैंकर मे मारी टक्कर, 19 से अधिक घायल

प्राइवेट बसों का आए दिन होता रहता है एक्सीडेंट एक ड्राइवर कई 100 किलोमीटर की दूरी करता है पुरी

संस्कार उजाला

खुटार। गोला खुटार मार्ग पर टेढ़वा पुल के पास स्थित मैलानी थाने की पुलिस चौकी और मैलानी रेंज की वन चौकी के पास मंगलवार रात दस बजे के करीब मौरंग बजरी और रेता भरे वाहनों से अवैध वसूली किए जाने के लिए वाहनो को रोके जाने की वजह से सड़क के किनारे खड़े एक टैंकर में पूर्णागिरि से श्रद्धालुओ को लेकर आ रही एक बस ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बस में सवार यात्री घायल हो गए। श्रद्धालुओं के घायल होने से नाराज उनके साथियों ने बस चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। चालक ने पास में स्थित पुलिस चौकी में भाग कर जान बचाई, तो



बस सवार लोगों ने चौकी के अंदर घुसकर उसकी पिटाई कर दी और जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही खुटार, खीरी जिले के गोला, मैलानी थाने की पुलिस के साथ ही डायल 112 पुलिस की कई गाड़ियों के साथ भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने भीड़ के चंगुल में फंसे बस चालक को बमुश्किल बचाकर चौकी के अंदर सुरक्षित बंद किया। पिटाई में चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने हादसे में घायल यात्रियों को डायल 112 पुलिस व 108 एंबुलेंस की मदद से खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया। स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस तैनात है। आसपास के लोगों की माने तो पुलिस और वन चौकी पर तैनात कर्मचारी रात में आने जाने वाले मौरंग, बजरी भारी वाहनों से अवैध वसूली करते हैं और वाहनों को बैरियर पर रोक लेते हैं। घटना के वक्त भी कई वाहन बैरियर पर रोक गए थे। तभी यह हादसा हो गया।

# न्यू कॉलोनी स्थित केंद्र के कार्यालय में संगोष्ठी/कवि गोष्ठी का हुआ आयोजन।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र** कानूनी परामर्श केंद्र के संस्थापक, वरिष्ठ अधिवक्ता, समाजवादी चिंतक विचारक अवध नारायण राय साहब की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर 8 अक्टूबर दिन मंगलवार की देर रात्रि मे जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के न्यू कॉलोनी स्थित केंद्र के कार्यालय में संगोष्ठी/कवि गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ कथाकार, असुविधा पत्रिका के प्रधान संपादक रामनाथ शिवेंद्र की अध्यक्षता में हुआ। संगोष्ठी में अपना विचार व्यक्त करते हुए कथाकार रामनाथ शिवेंद्र ने कहा कि-श्राय साहब लोक साहित्य, लोक न्याय, लोक परंपरा के प्रति समर्पित, कानून विद, समाजसेवी, कवि, समाजवादी चिंतक थे। उन्होंने इमरजेंसी, समाजवादी आंदोलन अंग्रेजी हटाओ आंदोलन, सोनभद्र जनपद की स्थापना, मुख्यालय स्थापना, आदि अनेकों आंदोलन में भाग लिया था। केंद्र के सचिव वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र बहादुर



सिंह ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि-जन्म और मृत्यु प्रकृति का अटल, शाश्वत नियम है। राय साहब ने रॉबर्ट्सगंज कस्बे को एक शहर में तब्दील होते हुए देखा और अनुभव किया था, समाजवाद के प्रति समर्पित उन्होंने अपने विधिक व्यवसाय मे गरीबों, आदिवासियों, बेसहारा लोगों का निशुल्क मुकदमा लड़कर उन्हें न्याय दिलाया। संगोष्ठी में विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट के निदेशक दीपक कुमार केसरवानी ने राय साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि-काव्य के प्रति समर्पित, कवि सम्मेलनों में अपनी टीका- टिप्पणी के लिए जाने जाने वाले, कवि हृदय श्रोता, राय साहब के जाने के बाद कवि सम्मेलनों की हंसी ठहाके लगभग बंद हो गए हैं, आज भी कवि सम्मेलन, कवि गोष्ठी के आयोजन में राय साहब जैसे सटीक, तीखी, दिल में उतर जाने वाली टीका- टिप्पणी, कविता की पंक्तियो को याद किया जाता है। संगोष्ठी में शहीद प्रबंधन स्थल ट्रस्ट करारी के निदेशक, वरिष्ठ कवि प्रदुम त्रिपाठी, दिवाकर द्विवेदी, धर्मेश चौहान, प्रभात सिंह चंदेल,गजलकार अशोक तिवारी,व्यंगकार जय राम सोनी, वीर रस, ओज की कवित्री कौशल्या कुमारी चौहान सहित अन्य कवियों ने अपने काव्य के माध्यम से काव्यांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश राय, कुणाल सिंह, मृणाल सिंह, बाबा सिंह, वीरेश्वर सिंह आदि साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राय साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण,पुष्पांजलि से आरंभ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन गजलकार अशोक तिवारी ने किया।

# दुसान कंपनी में 4 महीने से बकाया वेतन को लेकर मजदूरों में आक्रोश।

## श्रमिक अधिकारों की अनदेखी के कारण आंदोलन की चेतावनी

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**ओबरा/सोनभद्र।** ओबरा सी में कार्यरत टीएमसी कंपनी में श्रमिको का पिछले चार महीने से वेतन बकाया है। इस बारे में कई बार मजदूरों ने अपने नियोक्ता से संपर्क किया है, परंतु अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। इस आर्थिक संकट के कारण मजदूरों को अपने परिवार के भरण-पोषण में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिनकी सभी मूलभूत आवश्यकताएं प्रभावित हो रही है। रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। भोजन, बच्चों की शिक्षा, और चिकित्सा जैसी अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ हैं। वेतन का बकाया होने के कारण श्रमिकों में मानसिक तनाव और असुरक्षा



की भावना बढ़ रही है, जो हमारे कार्यक्षमता पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। बहुत से श्रमिकों ने घर चलाने के लिए बैंकों से ऋण लिया हुआ है. और वेतन न मिलने के कारण उन्हें समय पर किस्त चुकाना संभव नहीं हो पा रहा, जिससे ब्याज का बोझ भी बढ़ रहा है। मजदूरों ने कहा कि हमने अब तक शांति और संयम के साथ अपने अधिकारों के लिए इंतजार किया, लेकिन हमारी समस्याओं की अनदेखी लगातार हो रही है। इसी को लेकर एसडीएम ओबरा को तहसील में पहुंचकर यह पत्र आपको चेतावनी स्वरूप लिख रहे हैं कि यदि शीघ्र ही हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और हमारा बकाया वेतन जल्द से जल्द नहीं मिला, तो हम मजबूरन आंदोलन करने पर विचार करेंगे। ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष शिवदत्त दुबे ने मजदूरों के साथ तहसील पर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम ओबरा से वार्ता करते हुए कहा कि हमारी मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं- तीन महीने का बकाया वेतन तत्काल प्रदान किया जाए, भविष्य में समय पर वेतन भुगतान की सुनिश्चितता हो , श्रम कानूनों का पालन और कार्यस्थल पर सभी सुरक्षा मानकों का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर शिवदत्त दुबे, महेश अग्रहरी, उमेश शुक्ला एडवोकेट, आदि सैकड़ों मजदूर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग के द्वारा विंध्याचल मां के भक्तों को किया गया फल वितरण

मां के चित्र पर पुष्पमाला दीप दूध दिखाकर प्रारंभ किया गया फल का वितरण

संस्कार उजाला




**विंध्याचल** - शारदीय नवरात्रि के सप्तमी दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग द्वारा केला सेव का वितरण किया जा रहा है मां विंध्यवासिनी के चित्र पर पुष्पमाला धूप दीप दिखाकर श्रद्धालुओं को लोकतंत्र सेनानी राकेश शुक्ला द्वारा मां के भक्तों को फल वितरित किया गया सह जिला संचालक, काशी प्रांत घोष प्रमुख मिलन शाखा कार्यवाह विनोद नैतिक सह नगर कार्यवाह शैलेश रवि सूर्यांश सेवा कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को फल वितरित किया गया ।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नंदना में स्काउटिंग प्रशिक्षण संपन्न। ,स्काउटिंग से होता है मानवता का विकास।

संस्कार उजाला



**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**सोनभद्र।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नंदना नगवा सोनभद्र में हर्षोल्लास के साथ स्काउटिंग प्रशिक्षण डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह महादेव ब्लॉक स्काउट मास्टर नगवां सोनभद्र द्वारा संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग से मानवता का विकास होता है। प्रशिक्षण में नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउटिंग का इतिहास, विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प निर्माण क्राफ्ट, कला, गांठ बंधन, बीपी 6 व्यायाम, फ्लैग सेरिमनी, टेंट निर्माण के साथ बिना बर्तन के भोजन बनाने की कला सिखाई गई। प्रशिक्षण के संरक्षक मुकुल आनंद पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र, सह संरक्षक बृजेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी नगवा, संयोजक सैयद अनवर हुसैन जिला स्काउट शिक्षक सोनभद्र, सहसंयोजक वंदना कुमारी विद्यालय वार्डन के निर्देशन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षक के रूप में डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह महादेव, सरोज कुमारी के साथ यूनिट लीडर अंकिता त्रिपाठी द्वारा बच्चों को स्काउटिंग का प्रशिक्षण कराया गया। शिविर संचालक एवं प्रशिक्षक डॉ बृजेश महादेव ने बताया कि शासनादेश के अनुसार प्रदेश के सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में छात्राओं को गाइड का प्रशिक्षण कराया गया। उन्होंने बताया कि स्काउटिंग से मानवता का विकास होता है। यह हमें आत्मनिर्भर बनता है और दूसरों की मदद करने के लिए प्रेरित करता है। विषम परिस्थितियों में हमें जीने की कला सिखाता है। यह मानव के लिए बहुत ही उपयोगी है और इसे जाने अनजाने में सभी अपनाते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को स्काउटिंग की दिनचर्या का बोध कराया जाता है। इस अवसर पर डॉक्टर नीलम सिंह, गीता भारती, स्वातिका आंचल, सरोज, शुभा गुप्ता, अंकित त्रिपाठी, कुमारी संध्या, उपेंद्रनाथ के साथ विशिष्ट अतिथि बंधु उपस्थित रहे और बच्चों को अपना आशीर्वचन दिया।

# नवरात्र के पांचवे दिन देवी पंडालों पर लगी रही भक्तों की भीड़।

संस्कार उजाला



**कुठौंद जालौन,**नौ रात्रि और देवताओं के रूप बैठें नौनिहालों का क्षेत्र मे बड़ा आकर्षण का केंद्र रहा। सिरसा कलार जहटौली गाँव मे शेरांवाली के मंदिर में नवरात्र पर सजे पंडाल में पांचवे दिन माँ स्कंदमाता की भक्तों ने आराधना की । देवी देवताओं के रूप में बैठे नौनिहालों के दर्शन के लिए 11 बजे तक भीड़ लगी रही।बता दे कि जहटौली गाँव में रोड के किनारे शेरांवाली देवी के मंदिर में जय माँ दुर्गे मानव सेवा समिति द्वारा नवरात्र जागरण का पंडाल सजा है जहां पर पंचमी के दिन जमकर झालरों लाइटों से सजावट की गई वही पर तन्वी शैलपुत्री, गौरी ब्रमचरिणी, रितिक चंद्रघंटा, समीक्षा कुष्मांडा, परी स्कंदमाता,राधा कतय्यानी, दिया कालरात्रि, सिद्धि महागौरी, कुँनो सिद्धिदायत्री, आसकी राम, गोपाल जी सीता, गौरी लक्ष्मण, अर्पित हनुमान, हर्षितशिव, लकी गणेश जी, कृष्ण ऋषि संत के बेष में समिति द्वारा सजाकर बैठारे गए नैनिहालो बालक बालिकाओं को देखने के लिए रात 11 बजे तक भक्तों की लाइन लगी रही। काफी क्षेत्र में चर्चा का केंद्र रहा।

# गुरुद्वारा इंटर कालेज में चलाया गया भाजपा का सदस्यता अभियान।

संस्कार उजाला




**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**चोपन/ सोनभद्र। चोपन** मंडल अंतर्गत वुधवार को नगर स्थित गुरुद्वारा इंटर कालेज में भाजपा के जिला प्रभारी अनिल सिंह की उपस्थिति में कैंप लगाकर भाजपा का सदस्यता महा अभियान चलाया गया जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के द्वारा किया गया इस दौरान कुल 80 लोगों को सदस्य बनाया गया` वहीं प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि पूरे जनपद में सदस्यता महा अभियान चलाया जा रहा है कार्यकर्ता घर घर पहुंच कर सदस्य बना रहे हैं साथ ही जगह जगह कैंप लगाकर भी लोगों को सदस्य बनाया जा रहा है आगे उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है आज हर लोग भाजपा से जुड़ रहा है उसके पिछे सबसे बड़ी बात यह है कि देश में मोदी सरकार और प्रदेश में योगी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ हर वर्ग के लोगों को सिधे लाभ पहुंचाने का काम कर रही है पूर्व की सरकारों ने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति की है मौजूदा समय में मोदी और योगी सरकार में जनकल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगी हुई है जिससे जनता लाभान्वित हो रही है इस मौके पर कालेज के अध्यक्ष सरदार सुलख्खन सिंह,धिरेंद्र सिंह, सतीश उपाध्याय, विकास सिंह छोटकू,नेहाल सिंह, मुकेश पटेल आदि मौजूद रहे

# इटावा पुलिस द्वारा भैंस चोरी की घटना कारित करने वाले 03 चोरों को किया गया गिरफ्तार ।



संस्कार उजाला

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बढ़पुरा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 18.08.2024 को आईजीआरएस के माध्यम से थाना बढपुरा पर सूचना प्राप्त हुयी कि दिनांक 28.07.2024 की रात्रि को अज्ञात चोर वादी करन सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम बाहुरी थाना बढ़पुरा जनपद इटावा की 02 भैंसे चोरी कर के ले गये है । जिसके संबंध मे थाना बढ़पुरा पर मु0अ0संख्या 46/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः- जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 09.10.2024 को थाना बढ़पुरा पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी । इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि मुकदमा उपरोक्त मे भैस चोरी की घटना से संबंधित अभियुक्त रेलवे ओवर ब्रिज के पास ग्राम बाहुरी की ओर से ब्रिज की ओर आ रहे है । सूचना पर कार्यवाही करते हुये थाना बढ़पुरा पुलिस टीम द्वारा 03 व्यक्तियों प्रदीप नागर उर्फ होरीलाल पुत्र विनोद नागर उर्फ पप्पू, बब्लू पुत्र राजाराम तथा विजय नागर उर्फ गोलू पुत्र बब्लू नागर को बाहुरी रेलवे ओवर ब्रिज नहर के पास समय 11:10 बजे गिरफ्तार किया गया ।

पुलिस पूछताछः-

पकडे गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग मिलकर गाँवो में जाकर दिन में रैकी करते है तथा फिर भैसों की चोरी करते है । हम तीनों ने करीब 02 माह पहले ग्राम बाहुरी से दो भैसे चोरी की थी जिनको हमने जानवरों के बाजार से बाहर राह चलते आदमी को कम दाम पर बेच दिया था । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध मे थाना बढ़पुरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-46/2024 धारा 303(2) बीएनएस मे धारा 303(2)/317(2) बीएनएस बढ़ोत्तरी की गयी ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.प्रदीप नागर उर्फ होरीलाल पुत्र विनोद नागर उर्फ पप्पू निवासी हठीला थाना ऊसराहार जनपद इटावा हाल पता ग्राम कुन्डेश्वर थाना बढ़पुरा जनपद इटावा उम्र 25 वर्ष ।

2.बब्लू पुत्र राजाराम निवासी जमधर थाना बढपुरा जनपद इटावा उम्र 45 वर्ष ।

3.विजय नागर उर्फ गोलू पुत्र बब्लू नागर निवासी जमधर थाना बढपुरा जनपद इटावा उम्र 19 वर्ष ।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0- 46/2024 धारा 303(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस 2023 थाना बढ़पुरा जनपद इटावा ।

आपराधिक इतिहासः-

प्रदीप कुमार पुत्र पप्पू नागर

1.मु0अ0सं0 49/20 धारा 304 बी/498 ए भादवि थाना ऊसराहार जनपद इटावा ।

2.मु0अ0सं0 03/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना ऊसराहार जनपद इटावा ।

3.मु0अ0संख्या 46/2024 धारा 303(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना बढ़पुरा जनपद इटावा ।

बरामदगीः-

1.8,000/- रुपये

पुलिस टीमः -निरी0 श्री गणेश शंकर द्विवेदी प्रभारी थाना बढ़पुरा,उ0नि0 शम्भू दयाल, का0 जितेन्द्र कुमार व का0

# लक्ष्मण ने काटी सूपर्णखा की नाक, रावण ने किया सीता का हरण।

संस्कार उजाला



**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**सोनभद्र।** श्री रामलीला समिति सोनभद्र नगर द्वारा आयोजित रामलीला के छठे दिन प्रयागराज के कलाकारों ने सुप्रसिद्ध नक्कटैया व खर-दूषण वध, सीताहरण का जीवंत मंचन किया। पूरा पंडाल दर्शकों से खचाखच भरा रहा। बीच-बीच में श्रीराम के जयकारे लगते रहे। इसके पूर्व दोपहर में नगर के रामसरोवर तालाब पर प्रभु श्री राम- माता जानकी भ्राता लक्ष्मण के साथ गंगा के तट केवट के द्वारा पार कराने की लीला दिखाई गई। इस मर्मज्ञ लीला को देखने के लिए नगर की ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की काफी भीड़ रामसरोवर तालाब के चारों तरफ जुटी हुई थी। लीला शुरू होते ही वहां पर सभी श्रद्धालुओं की आंखें प्रभु के इस स्वरूप को निहार रही थी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पवन कुमार जैन, राकेश गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, प्रशांत जैन, बलराम सोनी, विनोद कनोडिया, चंदन केसरी दीपू पटेल, राजू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राहुल, नगर कार्यवाह महेश, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरजा शंकर द्विवेदी, मिठाई लाल सोनी, राकेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, दीपू पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# 50 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार।

संस्कार उजाला



**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में शराब की दुकानों का निरीक्षण/चेकिंग सहित अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है । इसी अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान के दौरान भिन्न भिन्न स्थानों से कुल पांच नफर अभियुक्तगण 1. गुड्डी देवी पत्नी चरखू अगरिया निवासी धरिकार बस्ती पद्ममिनी होटल के पीछे मुर्धवा थाना पिपरी जनपद सोनभद्र , 2. रामदेव अगरिया पुत्र स्व0 जयकरन अगरिया निवासी लौहवन थाना म्योरपुर जनपद सोनभद्र, 3. प्रेमचन्द्र अगरिया पुत्र जानकी अगरिया निवासी अहिरबुडवा टोला मनरू थाना बभनी जनपद सोनभद्र 4. रामदेव अगरिया पुत्र राम अवतार अगरिया निवासी ग्राम बलियरी थाना म्योरपुर जनपद सोनभद्र 5. राजेश अगरिया पुत्र रघु अगरिया निवासी पद्ममिनी होटल के पीछे अगरिया बस्ती मुर्धवा थाना पिपरी जनपद सोनभद्र प्रत्येक के कब्जे से 10-10 लीटर (कुल 50 ली0) अवैध कच्ची महुये की शराब बरामद कर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया तथा मौके पर ही पांचो स्थानों से करीब कुल 04 क्वींटल लहन नष्ट किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0-131/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम व मु0अ0सं0-132/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम तथा मु0अ0सं0-133/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# नावली वाली मातारानी को कहते है स्कंदमाता

## सर्वफलदायिनी भक्तों की मंशा को पूर्ण करने से हजारों की संख्या में आते हैं दर्शनार्थी

## धरती ज्वाला की भांति दिव्य एवं भव्य उजाला करती हुई निकली जालौन देवी

संस्कार उजाला



**माधौगढ (जालौन)** भक्तों की तमन्नाओं को पूर्ण कर धन्य धान्य की कृपा पात्री नावली माता की श्री स्कंदमाता सिद्ध पीठ जालौन देवी, पांडरी वाले बाबा,के रूप में पूजा अर्चना हो रही है । मातारानी के दरवार में कोई भी भक्त आया उसकी मुराद हर हाल में पूरी हुई है। मंदिर के महंत पं, सर्वेश महाराज,सोमकार पचौरी ने हमारे आज प्रतिनिधि मनोज शिवहरे,को बताया कि नावली वाली , जालौन देवी, पांडरी वाले बाबा एवं मातारानी स्कंदमाता के रूप में धरती से ज्वाला की भांति निकली हुई थी! मातारानी के धरती से निकलने पर चहुओर भव्य और दिव्य प्रकाश हो गया था। इनका स्वरूप ज्वाला की भांति है। नगर कोट की ज्योति यहां पर प्रकाशमान है । जब मातारानी धरती से निकली तो चहुओर भव्य और दिव्य प्रकाश हो गया । मातारानी का दिव्य प्रकाश दूर दूर तक फैला हुआ है। मातारानी ने प्लेग जैसी महामारी से किया निवारण माधौगढ । एक समय ऐसा आया कि क्षेत्र ही नहीं अन्य क्षेत्रों में भी प्लेग की महामारी ने लोगों को त्रस्त कर दिया भक्तों में त्राहि-त्राहि मच गई । भक्तों की पीडा को हरने के लिए मातारानी ने महंत जी को सपना दिया कि पहूज नदी से जल लाकर मुझ पर चढाओ और मुझे नहलाओ तभी महंत जी ने पहूज नदी से जल लाकर मातारानी को समर्पित किया । तो प्लेग की महामारी की बीमारी से पीडितों को महंत द्वारा भभूती और पानी छिडकने भर से वह तुरंत ठीक हो गये मातारानी की कला से सभी खुश होकर जयजयकार करने लगे ' स्थान से अलग मंदिर की स्थापना पर नहीं गयीं मातारानी माधौगढ । नावली वाली मातारानी जिस समय धरती से ज्वाला की भांति दिव्य प्रकाश के साथ निकलीं तो पूर्व से ही एक नीम का पेड और कुंआ था । जो कि आज भी जीता जागता प्रमाण है । पूर्व मातारानी का एक साधारण सा चबूतरा था । तो भक्तों ने सोचा कि अलग कहीं मातारानी के मंदिर को भव्य और दिव्य रूप से बनाया जाए थोडी ही दूरी पर मातारानी के नवीन मंदिर का निर्माण कार्य करवाया पर मातारानी नहीं गयीं तो सभी भक्तों ने मिलकर मातारानी का यथास्थान मंदिर का निर्माण कार्य करवाया तभी से मातारानी की यहीं पूजा अर्चना की जा रही है । वहीं भक्तों की मनोकामनाएं भी पूर्ण हो रही है । नवरात्रि के अलावा हर सोमवार को मातारानी के दरवार में लगता है मेला माधौगढ । स्कंदमाता की बडी ही अलौकिक शक्ति है। मातारानी के दरवार में जो भी भक्त आया उसे मनोवांछित फल प्राप्त हुआ है। पुजारी पं गौरव कृष्ण शास्त्री ने बताया कि चैत्र नवरात्रि क्वार नवरात्रि पर मातारानी के दरवार उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश तथा अन्य प्रदेशों और जनपदों के भक्त आकर दर्शन कर मातारानी से मनचाहा वरदान पाते हैं । वहीं भक्तों के द्वारा सप्तमी अष्टमीं और नवमीं पर श्रद्धा भाव के साथ जवारे चढाए जाते हैं। तो वहीं अनेकों भक्त मातारानी के दरबार में सांग भेदन के साथ दर्शन से लाभान्वित होते हैं । पुजारी विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि नवरात्र ही नहीं हर सोमवार को भी भक्तों के आवागमन से भारी मेले जैसा प्रतीत होता है। मातारानी के दरवार कन्या वर की दिखाई के साथ होते रहते हैं अन्य अनुष्ठान माधौगढ । स्कंदमाता मंदिर नावली में वर कन्या की दिखाई सगाई से लेकर फल दान लगुन विवाहों की भी रस्में पूर्ण हो रही है । वहीं भागवत महापुराण यज्ञ शतचंडी महायज्ञ नवचंडी यज्ञ आदि कार्यक्रम अनवरत मातारानी के दरवार में होते रहते हैं । स्कंदमाता इमरती और अनार को चढाने पर होती है विशेष प्रसन्न माधौगढ । नावली वाली मातारानी को मिठाईयों में इमरती और फलों के भोग में अनार अति प्रिय है। जो भी भक्त मनसा कर्मणा वाचा के साथ मातारानी को भोग के रूप में इमरती और अनार चढाता है । मातारानी की कृपा उक्त भक्त पर असीम होती है। माताएं बहिनें और भक्तगण गण मातारानी के दरवार में अपने घर से ही पेड भरकर आते हैं। उनकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मां के गर्भ ग्रह जल रही अखंड अलौकिक ज्योति माधौगढ । स्कंदमाता जी के गर्भ ग्रह में करीब आधा सैकड़ा बर्षों से भव्य दिव्य और अलौकिक ज्योति जल रही है । मातारानी की दिव्य ज्योति अखंड जल रही है। जो कि भक्तों को प्रकाशमान और दिव्यमान बना रही है । वहीं मातारानी के बगल से अखंड ज्योति हमेशा जल रही है । जो कि भक्तों को ऊर्जा का संचार कर रही है । यही नहीं मातारानी से उनकी सवारी शेर हर दिन मिलने आता हैं। मातारानी की शेर पर भी बडी कृपा है । भगवान शिव जी के नंदी पूर्व मुखी हनुमान जी शेषनाग जी भी है मातारानी के परिसर में विराजमान माधौगढ । स्कंदमाता जी के मंदिर परिसर में एक भगवान शिव शंकर नंदी के साथ विराजमान है जो कि भक्तों के रखवाले है। उनकी अनुकम्पा भक्तों पर हैं। पूर्व मुखी श्री हनुमान जी भी भक्तों के रक्षक बने हुए हैं । वहीं शेषनाग जी भी भक्तों की पीडा हरने में अग्रणी है इस अवसर पर अखिलेश सविता, एडवोकेट, लल्लू राम गुप्ता आदित्य शिवहरे ,अनुराग शिवहरे, राधिका शिवहरे, चांदनी, शिवहरे,, शिवानी गुप्ता बड़ी संख्या में भक्त लोग मौजूद हैं वाईट 1 रिपोर्ट मनोज शिवहरे

# जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण।

संस्कार उजाला




**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज डायट परिसर उरमौरा राबर्ट्सगंज में स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का पूर्वान्ह 10.10 बजे औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक न रहने व पत्रावलियों के रख-रखाव की स्थिति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किये गये कि कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर की जाये एवं पत्रावलियों का रख-रखाव भी सुव्यवस्थित ढंग से किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किये, उपस्थित पंजिका में अनुपस्थित पाए गए कर्मियों के वेतन भुगतान पर जिलाधिकारी ने रोक लगाने व स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दियें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने राबर्ट्सगंज स्थिति सर्वशिक्षा अभियान कार्यालय का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था व पत्रावलियों के रख-रखाव के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, इस दौरान जिलाधिकारी ने इंगलिश मीडियम स्कूल राबर्ट्सगंज का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षकगण उपस्थित पायें गये, इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर के विभिन्न कक्षों में जाकर बच्चों पढ़ाये जा रहे कोर्स के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और बच्चों से सीधा संवाद कर उनके बौद्धिक स्तर को जाने और फलों के नाम भी पूछें। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की जिलाधिकारी ने की बैठक।

संस्कार उजाला



**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**सोनभद्र।** जिला खनिज फाउण्डेशन न्यासकी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से जनपद में कराये जा रहे निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेन्सियों के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य सहित अन्य कार्य हेतु जो 32 कार्यदायी संस्था नामित की गयी है, सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्माण को ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, निर्माण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं हेतु शासन से धनराशि आवंटित हो सकती है, उन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से धनराशि आवंटित न की जाये, बल्कि जिला खनिज फाउण्डेशन निधि के माध्यम से जनपद के अन्य विकास कार्य को कराया जाये, डी0एम0एफ0 फण्ड की धनराशि विकास की आवश्यकता व निर्धारित गाईड लाईन मानक के अनुरूप ही सम्बन्धित कार्य हेतु आवंटित की जाये, जिन विभागों को जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से धनराशि दी जाये, उन विभाग से इस बात की एन0ओ0सी0 प्राप्त कर ली जाये कि उनके द्वारा इस कार्य हेतु कहीं और से फण्ड प्राप्त नहीं किया गया है, उन्होंने कहा कि डी0एम0एफ0 निधि से खर्च होने वाले धनराशि की आडिट करायी जाये और उस आडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाये, आडिट रिपोर्ट में यदि किसी प्रकार की आपत्ति मिलती है, तो उसमें सुधार किया जाये, डी0एम0एफ0 फण्ड से होने वाले निर्माण कार्यों में ओवर स्टीमेट की स्थिति न होने पाये, स्टीमेट का नियमानुसार सत्यापन किया जाये, डी0एम0एफ0 फण्ड से होने वाले कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती जाये, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, ज्येष्ठ खान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, निर्माण खण्ड, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न निर्माण एजेन्सियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# ग्राम पंचायत लोहई में 3 वर्ष के कार्यकाल में विकास की गंगा सूखी होने पर ग्रामीणों में छाई मायूसी

संस्कार उजाला



**कुठौंद जालौन।** विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत एक ऐसी ग्राम पंचायत जिसमें पंचवर्षीय के बीते तीन वर्षों में विकास कार्य का पिछड़ापन होने की वजह से ग्राम पंचायत के लोगों में बड़ी मायूसी छाई हुई है। मौके की पड़ताल पर देखा गया तो ग्राम प्रधान श्रीकांत दीक्षित के द्वारा विकास कर के नाम पर कोई भी कार्य नहीं कराया जा रहा है। गांव में आने जाने वाले रास्ते कीचड़ से भारी पड़े हुए हैं जिसकी कोई भी शुद्ध नहीं लेने वाला आज तक ग्राम पंचायत में नहीं आया बीहड़ पट्टी के गांव में शासन व प्रशासन द्वारा देखरेख करने का कोई भी दायित्व नहीं निर्वाहन करते हैं। प्रशासन द्वारा ऐसी लापरवाही के चलते बीहड़ पट्टी के गांव आज भी पिछड़े हुए हैं। आपको बताते चलें प्रधान द्वारा गौशाला का भी बहुत बुरा हाल चल रहा है। गांव वंशों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था आज पड़ताल करने के समय नहीं मिली। और गवर्न एस चिलचिलाती धूप में अपने भोजन की तलाश में जमीन चाट रहे थे। ग्रामीणों ने बताया की प्रधान से किसी भी विकास कर कि यदि हम लोग बात करते हैं तो वह है कोई बात सुनने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ग्राम प्रधान ने सिर्फ अपना विकास किया है इसके अलावा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं है चाहे आने जाने वाली रास्ता हो या साफ सफाई हो। इसलिए ग्राम पंचायत की जनता का शासन हुआ प्रशासन से पुरजोर आग्रह है कि आप द्वारा किसी भी समय ग्राम पंचायत लोहई दिवारा का निरीक्षण किया जाए जिससे दूध का दूध पानी का पानी हो सके।

# मुख्य प्रवर्तक नीरज कुमार ने दी बैठक की जानकारी,

संस्कार उजाला



**कुठौंद जालौन,** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत जखा में मुख्य प्रवर्तक नीरज कुमार ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित मत्स्य जीबी सहकारी समिति लिमिटेड ग्राम पंचायत रायपुर पोस्ट जखा विकासखंड महेवा तहसील कालपी जनपद जालौन की द्वितीया बैठक दिनांक 10 अक्टूबर को पंचायत भवन परिसर रायपुर में समय 12: बजे प्रस्तावित की जाएगी जिसमें इच्छुक मछुआ समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं यह जानकारी मुख्य प्रवर्तक नीरज कुमार ने दी,

# गाजियाबाद पटेल नगर सेकंड स्थित, चौधरी छबीलदास पब्लिक स्कूल वार्षिकोत्सव (जूनियर विंग) में दिनांक 9-10-24 को विद्यालय का वार्षिकोत्सव ' नन्ही प्रतिभाएँ ' बहुत धूमधाम से मनाया गया।

अपने कार्य मे दक्ष बनने हेतु अपनी इच्छा और रूचि अनुसार करें स्किल डवलपमेंट : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह




संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

छबीलदास पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) वार्षिकोत्सव इस वर्ष का मुख्य विषय ' 17 Goals: : One World: 1 Future: A call for Action! ' था। जिसका मुख्य उद्देश्य 17 सतत विकास लक्ष्यों (sustainable development goals) SDG Goles से सभी को परिचित कराना तथा छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को सतत विकास लक्ष्यों के प्रति जागरूक करना और वैश्विक साझेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय के वार्षिक उत्सव में कक्षा दूसरी से पाँचवी तक के 825 छात्रों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इश्तियाक अहमद (वन्यजीव और जैव विविधता विशेषज्ञ )और विशिष्ट अतिथि प्रवीण मिश्रा (पर्यावरणविद् ) के स्वागत के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के .के. अग्रवाल ने चौधरी छबीलदास जी व सुशीला देवी के चित्रों पर माल्यार्पण किया और मुख्य अतिथिगण ने शुभ दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर रोहित गोस्वामी, प्रधानाचार्या तृप्ति मावरी, हेडमिस्ट्रेस अनुपमा सिंह, विद्यालय प्रबंधक समिति के अन्य सदस्य , गणमान्य अतिथि व अभिभावकगण मौजूद रहे। सतत विकास लक्ष्यों के महत्व को समझाते हुए, SDG Gole 17 (लक्ष्य प्राप्ति के लिए साझेदारी ) पर आधारित गीत ' वसुदेव कुटुंबकम ' की शानदार प्रस्तुति वाद्य यंत्रों के द्वारा दी गई। कक्षा 2 से 5 के छात्रों एसडीजी 1 से 10 (गरीबी नहीं, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण , गुणवत्तापूर्ण शिक्षा , स्वच्छ जल और स्वच्छता आदि ) पर अपने विचार प्रस्तुत किए और नाटक, नृत्य ,योगासन, नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति द्वारा यह संदेश दिया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामानता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर वैश्विक सहयोग कितना आवश्यक है। छात्रों की आकर्षक प्रस्तुति के साथ विद्यालय का प्रांगण करतल ध्वनियों से गूँज उठा। इसके उपरांत मुख्य अतिथिगण ने विद्यालय पत्रिका ' सुशीला ' का विमोचन किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नन्हे बाल कलाकारों की प्रशंसा की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एसडीजी 11 से 15 के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल दिया। जिसमें रीसायकल, रीयूज एंड रिड्यूस का अद्भुत उदाहरण फैशन शो के माध्यम से दिखाया गया । जिसमें छात्रों की माताओं द्वारा पुराने कपड़ों को रीयूज करके बनाए गए नए परिधानों का प्रदर्शन किया गया।पर्यावरण संरक्षण सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ पर्यावरण ही एक मजबूत और समृद्ध समाज का आधार है। पर्यावरण को संरक्षित करके भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और स्वस्थ ग्रह प्रदान किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में एसडीजी 16 से संबंधित शांति पर आधारित गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी गणमान्य अतिथियों व आमंत्रित अभिभावकों ने करतल ध्वनि से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की ओर से कक्षा 5 की छात्रा ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों और अभिभावकों को धन्यवाद दिया और राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति के साथ इस भव्य आयोजन का सफलतापूर्वक समापन हुआ

# गाजियाबाद मिशन शक्ति अभियान 5 व की थीम ह्वघरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ रगिग

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 पर अभिमुखीकरणह्व के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन में प्रदेश में महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5 व के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्लॉक रजापुर एवं समरफील्ड पब्लिक स्कूल बिसोखर, मोदीनगर, गाजियाबाद में घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिग उत्पीडन( निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम संचालित किया गया।

महिला कल्याण विभाग की टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में महिला एवं बालको के संबंध में अधिनियमों का वृहद्व रूप से जागरूग किया गया तथा साथ ही प्रमुख हेल्पलाईन यथा 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, 1090 वीमेन पावर लाईन, 181 वीमेन हेल्पलाईन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिला एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाईन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन, 101 अग्निशमन सेवा, 1930 साईबर हेल्पलाईन आदि का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिफेंस अधिवक्ता, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी व संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षिकगण आदि उपस्थित रहें।




# महिंद्रा एंक्लेव स्थित सिल्वर शाइन स्कूल ने कराया हवन

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**



महेंद्र एंक्लेव बाग वाली कॉलोनी स्थित सिल्वर शाइन स्कूल में दुर्गा सप्तमी के दिन स्कूल की निर्देशिका डॉक्टर मिथिलेश शर्मा ने हवन कराया ' जिसमें स्कूल के सभी छात्रों ने हिस्सा लिया ' इस हवन का शुभारंभ सह- निर्देशिका मनाली वशिष्ठ द्वारा किया गया मां भगवती का आवाहन किया मां भगवती जगदंबा का आवाहन किया और उनसे आशीर्वाद के लिए हवन करके मंगल कामनाकी मां भगवती जगदंबा का सभी के लिए सुख शांति और समृद्धि मांगी सभी बच्चों को सनातन संस्कृत से रूबरू करवाया डॉ मिथिलेश ने बच्चों को और मां भगवती के सभी रूपों के बारे में विख्यात से बताया इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अनुपमा शर्मा , प्रधानाचार्य नंदिता मित्तल एवं सभी अध्यापक व अध्यापिका मौजूद थे '

# रघुकुल रीत सदा चली आयी, प्राण जायी पर बचन न जायी

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**



श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी) कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2024 के अर्न्तगत आयोजन के 11वें दिन सम्पूर्ण रामायण का मंचन देखने बड़ी संख्या में रामभक्त रामलीला मैदान, कविनगर में उपस्थित हुए। रामलीला का मंचन ख्याति प्राप्त इंडियन रिवाईवल ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें राम जन्म से लेकर रावण वध एवं श्री राम के राजतिलक तक की भव्य लीला का मंचन सभी के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बनी हुई है। गाजियाबाद ही नहीं अपितु पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं अन्य निकटवर्ती स्थानों से भारी संख्या में लोग रामलीला मंचन देखने पहुंच रहे हैं। समिति द्वारा रामलीला मंचन देखने की नि:शुल्क व्यवस्था की गयी है। रामलीला मंचन के साथ-साथ समिति द्वारा लगायी गयी। मंचन प्रारम्भ होने से पूर्व बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मेला परिसर में आज नगर वासियों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। रामबाबू के पराठे, छोटेलाल की चाट एवं डोनाल्ड की पेस्ट्री एवं स्नैक्स का स्वाद सभी को आकर्षित कर रहा है। मेला परिसर में सभी आगन्तुकों हेतु वरदान सुपर स्पैशिलिटी अस्पताल की ओर से शिविर लगाया गया है जिसमें नि:शुल्क मधुमेय एवं रक्तचाप की जांच की जा रही है। साथ ही साथ प्राथमिक चिकित्सा भी उपलब्ध करायी जा रही है।समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, पुनीत बेरी, अवनीश गर्ग, विवेक मित्तल, तरूण चौटानी, दीपक अग्रवाल, वी०के० शर्मा, अनिल जैन, सुशान्त चोपड़, नवेन्दु सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

जय जय राम !! (पंजीकृत संख्या: 1332/52454) श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी

कार्यालय : कविनगर राम लीला मैदान, गाजियाबाद (उ०प्र०)

दूरभाष : 0120-6417756

ललित जायसवाल (अध्यक्ष)

भूपेन्द्र चोपड़ा (महामं

फोन : 9810431300, 9999114642

फोन : 9811083941, 9212396,,दिनांक 08.10.2024

(भूपेन्द्र चोपड़ा) महामंत्री

# भगवान महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा कमेटी के कार्यालय का प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश अमित वाल्मीकि ने किया उद्घाटन

लाइनपार क्षेत्र भगवान महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव समिति व जागृति वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**



भगवान महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा गत वर्षो की भांति बड़ी धूमधाम से व भव्य विशाल बनाने हेतु लाइनपार क्षेत्र ए ब्लॉक प्रताप विहार विजय नगर गाजियाबाद में कार्यालय का उद्घाटन किया गया जागृति वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक मनोज कांगड़ा ने प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश अमित वाल्मीकि को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया प्रभारी मंत्री अमित वाल्मीकि ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। जागृति वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक व राष्ट्रीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी,एसटी मोर्चा नरेश कुमार कीर ने माला पहनाकर प्रभारी मंत्री का स्वागत किया और बताया इस बार लाइनपार क्षेत्र में भगवान महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा आगामी 17 अक्टूबर 2024 को बहुत ही भव्य व विशाल होने जा रही है जिसमें मनमोहन सुंदर-सुंदर झांकियां की प्रस्तुति की जाएगी। इस अवसर पर पार्षद व प्रभारी वार्ड 14 यशपाल पहलवान जी ने सभा को संबोधित किया और शोभायात्रा को शांतिपूर्ण रूप से सुंदर ,भव्य बनाने तथा समाज को एकजूट संगठित होने का संदेश दिया इस अवसर पर अध्यक्ष रंजीत चड्डा, कार्यालय प्रभारी पीयूष कांगड़ा,गोपाल मथुरिया,सुभाष, मनीष ,जय किशोर ,बंटी पार्चा ,संजय छजलान, मुन्ना चौहान, तेजपाल कांगड़ा,विजय गहलोत, जगमोहन गहलोत, आदि आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वेव सिटी में लव कुश राम लीला का दीप जला कर हुआ शुभारंभ

गाजियाबाद वेव सिटी में ऐतिहासिक रामलीला का मंचन मंगलवार से शुरू हो गया। रामलीला

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**



वेव सिटी के जनरल मैनेजर निर्मल सिंह के अनुसार, यह आयोजन मुकुट और मंच पूजन के साथ मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। रावण वध दशहरा 12 अक्टूबर...को होगा सेक्टर 4 रामलीला ग्राउंड वेव सिटी गाजियाबाद में भव्य रामलीला मंचन का शुभारंभ होगा । ऐतिहासिक रामलीला का मंचन 9 दिन तक के लिए वेव सिटी में होगा ।वेव सिटी जनरल मैनेजर ने बताया मुकुट व मंच पूजन साथ रामलीला आज से शुरू हो गई है। 12 अक्तूबर को रावण वध दशहरा व 13 अक्तूबर को ऐतिहासिक भरत मिलाप का आयोजन किया जाएगा। वेव दिलबर्ड रियल होम के वाइस प्रेसिडेंट रंजीत सिंह रंधावा, ने बताया हर बार की तरह इस बार भी वेव सिटी गाजियाबाद में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। सदियों से चली आ रही रामलीला के मंचन की परंपरा रामलीला मंचन लोक-नाटक का एक रूप है। इस परंपरा की शुरूआत उत्तर भारत से हुई। इसके साक्ष्य लगभग ग्यारहवीं शताब्दी में मिलते है। शुरूआती दौर में रामलीला मंचन महर्षि वाल्मीकि के महाकाव्य रामायण की पौराणिक कथा पर आधारित था, लेकिन अब इसकी पटकथा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य रामचरितमानसह्न पर आधारित है। कथाओं के अनुसार 16वीं सदी में तुलसीदास के शिष्यों नें रामलीला का मंचन करना प्रारंभ किया था। कहा जाता है कि उस समय जब गोस्वामी तुलसीदास जी नें रामचरितमानस पूरी करी थी तब काशी के नरेश नें रामनगर में रामलीला मंचन कराने का संकल्प लिया था। तभी से देशभर में रामलीला का मंचन प्रारंभ हुआ। इस मौके पर वेव दिलबर्ड रियल होम के वाइस प्रेसिडेंट रंजीत सिंह रंधावा, लैंड मैनेजर दीपक पाठक,जनरल मैनेजर निर्मल सिंह, उदय राज, भूपेंद्र चौहान, समस्त वेव स्टाफ मौजूद रहा ।

# शारदीय नवरात्र मां कात्यायनी माता की विशेष पूजा:महंत श्री गिरिशानन्द गिरि जी महाराज

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद संवाददाता कपिल शर्मा**



सिद्धपीठ श्री बाला त्रिपुर सुन्दरी मठ मंदिर द्वारकापुरी,दिल्ली गेट गाजियाबाद में श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की अध्यक्षता व पावन सानिध्य में देश में आठ स्थानों सात मंदिरों व एक आश्रम पर चल रहे नवरात्रि अनुष्ठान देश भर में धर्म, भारतीय संस्कृति व हिंदू सनातन धर्म की अलख जगाने का कार्य कर रहे हैं। बुधवार को आठों स्थानों पर मा कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। मंदिर के महन्त श्री गिरिशानंद गिरी जी महाराज ने वैदिक मंत्रों के द्वारा भगवती की पूजा अर्चना आचार्य राम मनोहर ने भगवती छठा स्वरूप मां कात्यायनी का विधिवत शोडशोपचार पूजन कराया। नवरात्र में शक्ति की साधना के बारे में महंत गिरिशानंद गिरि जी ने बताया कि आश्विन मास में माता दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्र के छठवें दिन माता कात्यायनी की पूजा की जाती है ।माता कात्यायनी माता दुर्गा का छठा रूप है। आश्विन मास की षष्ठी तिथि को माता के इस रूप की पूजा की जाती है। माता कात्यायनी ऋषि कात्यायन की पुत्री हैं। माता को अपनी तपस्या से प्रसन्न करने के बाद उनके यहां माता ने पुत्री रूप में जन्म लिया, इसी कारण वे कात्यायनी कहलाईं। नवरात्र के छठे दिन इनकी पूजा-आराधना की जाती है। इस दिन माता को भोग में शहद अर्पण किया जाता है। माता कात्यायनी को शहद का भोग लगाने से उपवासक की आकर्षण शक्ति में वृद्धि होती है ।ऋषि कात्यायन की पुत्री के रुप में जन्म लेने से इनका नाम कात्यायनी जग में विख्यात हुआ। समस्त देवताओं के दुष्ट असुरों के प्रति किए गए क्रोध से उत्पन्न ऊर्जा को एकत्रित कर कात्यायन ऋषि ने उस शक्तिपुंज को देवी का रुप दिया जिसके आठ भुजाएं दिव्य आयुधों से सुसज्जित थीं। इन्हीं देवी ने दुष्ट असुर महिसासुर का वध किया था। इन्हीं मां कात्यायनी को ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री भी माना जाता है। नवरात्र के छठे दिन इनकी पूजा आराधना करने से साधक के समस्त शत्रुओं का नाश होता है तथा भक्त के अंदर सद्गुणों का संचार होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। महन्त श्री गिरिशानंद गिरी जी ने विश्व में सनातन संस्कृति के विस्तार के संकल्प के साथ भगवती की नौ दिवसीय साधना आरंभ की। सांयकाल वेला में दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से विश्व शान्ति की कामना के लिए हवन भी किया गया जिसमें महाराज श्री के साथ अन्य भक्तों ने भी आहुतियां दी। और मुंह मांगा वरदान पाते हैं इसलिए सभी आए और इस नवरात्रि पर सुख शांति मंगल कामनाओं के लिए प्रात: कालीन दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं रात्रि 8:00 बजे से शतचंडी यज्ञ किया जा रहा है जिससे सभी को लाभ मिल,सबको नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं महाराज श्री ने दी। नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर में दर्शन करने पहुंचे पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी को महाराज जी ने मां का चुनरी उड़ा कर के प्रसाद देकर के आशीर्वाद दिया। साथ में आए हुए दूधेश्वर नाथ के भक्त अरुण भारद्वाज अपने परिवार सहित महाराज जी से आशीर्वाद लिया और समाजसेवी रजनीश गर्ग ने भी मां के दर्शन कर और महाराज जी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महंत विजय गिरि,निखिल शर्मा,साध्वी गिरीजानंदनी गिरि,अशोक शर्मा,(घीवाले) अशोक मित्तल( लोहे वाले) नवीन सिंघल,महेश शर्मा( होम्योपैथिक)महंत अतुल गिरि, महंत रूप गिरि,आदित्य पांडे,(डंडा गुरु) चौधरी सतवीर,रजनीश गर्ग,सुनील नगर,जोगिंदर,राहुल तवर,तथा शहर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और मां का आशीर्वाद लिया,

## संक्षिप्त डायरी

### कांशीराम साहब के परि निर्वाण दिवस पर असपा ने श्रद्धांजलि सभा की

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**




9 अक्टूबर को कांशीराम साहब के परिनिर्वाण दिवस पर आजाद समाज पार्टी ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर कांशीराम जी को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने सोशल इंजिनियरिंग के जरिये सत्ता परिवर्तन कर पिछड़े, दलितों और मुस्लमानो की जिंदगी बदल दी लेकिन उनके जाने के बाद पिछड़ों दलितों और मुसलमानो की दुर्गति हो रही है. आज उनका आरक्षण, पढ़ाई और रोजगार अपरोक्ष रूप से खत्म कर दिया गया है. राजनीति में इन वर्गो का उचित प्रतिनिधित्व भी नहीं रह गया है. ऐसे में मान्यवर कांशीराम के विचारों को पुण: फैलाने और उन पर काम करने की जरुरत है. उन्होंने कहा कि आज आजाद समाज पार्टी और सांसद चन्द्र शेखर आजाद ही एकमात्र विकल्प बचे हैँ जो मान्यवर कांशीराम साहब के विचारों को लागु कर सकते हैँ और वैसी ही सोशल इंजिनियरिंग करके राजनीति में परिवर्तन करके पिछडो, दलितों और मुस्लिमो को उनका हक दिला सकते हैँ. हम सबको मिलकर आजाद समाज पार्टी को मजबूत करना होगा तभी मान्यवर कांशीराम साहब के सपनो को साकार किया जा सकता है. इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना गौतम, प्रदेश सचिव कपिल आजाद, मंडल महासचिव कमल सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज जाटव, महानगर अध्यक्ष जितेंद्र सिद्धार्थ, समय सिंह, हिरदेश कुमार, विजय पाल गौतम, राजबीर गौतम, आनंद कुमार जाटव, एन डी खान, गुल्लु जाटव सहित कई लोगों ने विचारों व्यक्त कर कांशीराम साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### दशहरा पर्व विशेष: ज्ञान द्वारा अज्ञानता मिटाकर विजयादशमी पर्व मनाएँ

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**



दशहरा पर्व विशेष: असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है पर्व दशहरा दिव्य गुरु आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान)ईश्वर प्रेमियों के लिए दशहरा, दशमी या विजयादशमी आत्म चिंतन का पर्व है। यह पर्व हमें सोचने पर विवश करता है कि रावण को आज तक क्यों जलना पड़ रहा है और इसके विपरीत प्रभु भक्तों को आज भी पूजा जाता है। एक ओर सुग्रीव है जिसने प्रभु श्री राम के चरणों में शीश झुकाया और प्रभु का अनन्य भक्त बन गया। वहीं दूसरी ओर दसग्रीव है, तीनों लोकों पर विजय प्राप्त करने वाला प्रभु श्री राम का प्यारा नहीं बन पाया! यदि गहराई से देखा जाए तो एक ही कारण उभरकर सामने आता है और वह है ह्यग्रीवह्न अर्थात गरदन। रावण के दस शीश हैं परन्तु ह्यसुह्न भाव सुंदर नहीं हैं। जबकि बाली के छोटे भाई सुग्रीव के पास एक ही शीश है परन्तु ह्यसुह्न भाव सुंदरता से सजी हुई है। सुंदरता का संबंध यहाँ बाह्य जगत से नहीं अपितु आध्यात्मिक जगत से है। जो शीश भक्ति के सागर में डूब जाए, प्रभु के चरणों में नतमस्तक हो जाए वही सुंदर है। परन्तु जो ग्रीवा अहंकार से अकड़ जाए और प्रभु चरणों में झुकने का गुण भूल जाए वह बदग्रीव ही कहलाती है। आखिर क्या अंतर था दोनों के दृष्टिकोण में कि एक को हर दशमी पर जलाया जाता है और एक की गणना आज भी प्रभु श्री राम के परम भक्तों में की जाती है? सुग्रीव के अंदर संतों के प्रति विश्वास और आदर भाव था। उसके अंदर एक विशेष गुण था। जब भी उसके जीवन में कोई उलझन आई तो उसके हल के लिए उसने तत्क्षण साधु की शरणागत ली। भगवान श्री राम और लक्ष्मण जी की ऋषिमुख पर्वत पर आगमन की सूचना मिलने पर सुग्रीव समझ नहीं पा रहा था कि यह दोनों सुंदर युवक बाली के भेजे हुए उसके दुश्मन हैं या फिर कोई कल्याणकारी मित्र? दुविधा कि इस घड़ी में उसने संत हनुमान जी की शरण ली। वहीं दूसरी ओर हनुमान जी जब रावण की सभा में पहुंचे तो उसने उनका अपमान किया। यही प्रमुख कारण था कि ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर, महाऋषि का पुत्र होते हुए भी रावण राक्षस पद को ही प्राप्त हुआ। रावण की दृष्टि मलीन थी इसीलिए तो उसे एक महान संत में केवल साधारण वानर ही दिखायी दिया और उनका निरादर किया। सुग्रीव और दसग्रीव दोनों के ही मन शंकालु प्रवृत्ति के थे। परन्तु दसग्रीव की प्रभु राम के प्रति शंका ने उसे उनका दुश्मन बना दिया। वहीं सुग्रीव ने भी प्रभु राम पर शंका की परन्तु अपनी शंका को सहज भाव से प्रभु चरणों में रखकर शंका का निवारण किया। उधर दसग्रीव ने ऐसे विचारों और व्यक्तियों का संग किया जो उसके शंकालु विचारों को और पुख्ता करते थे। मन भी दोनों का अहंकारी था परन्तु सुग्रीव के अहंकार की दीवार मिट्टी जैसी और दसग्रीव की चट्टान जैसी मजबूत थी। माया के भ्रमित करने पर सुग्रीव ने वैराग्य को अपने ह्रदयासन पर स्थान दिया। तो वहीं दसग्रीव ने वैराग्य को इंद्र द्वारा मरवाने की कोशिश की। दसग्रीव भगवान शिव को अपना इष्ट मानता था और सुग्रीव प्रभु श्री राम को। दोनों ही इष्ट प्रथम बार अपने साधकों के पास स्वयं चल कर गए। सुग्रीव ने इसे प्रभु की कृपा समझा और उसके पश्चात वह ही सदैव अपने इष्ट के पास चलकर गया। वहीं दसग्रीव की हठ के कारण भगवान शिव को स्वयं प्रतिदिन चल कर उसके पास आना पड़ता था। दसग्रीव को यह अहं था कि वह भगवान शिव का इतना बड़ा भक्त है कि स्वयं त्रिलोकीनाथ शिव को उससे पूजा करवाने के लिए प्रतिदिन लंका आना पड़ता है। भाव कि उसने भक्ति को भी अहंकार का साधन बना लिया था। रावण के अहंकार की अग्नि में उसकी लंका और सम्पूर्ण कुल जलकर राख हो गए। सिर्फ श्री राम ही नहीं उन्हें मानने वाला हर भक्त रावण को जला कर अज्ञानता पर ज्ञान की विजय के इस पर्व को सदियों से मनाता चला आ रहा है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सभी पाठकों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।

### वेलफेयर फोरम ऑफ आर डब्ल्यू ए गाजियाबाद की कवि नगर जोनल ईकाई के तत्वाधान में कवि नगर जोन की प्रत्येक पुलिस चौकी

संस्कार उजाला

1.2.3.4.5.6.7.8.

(नाम ) के क्षेत्र अन्तर्गत क्रमश: प्रत्येक रविवार को साइबर सुरक्षा और महिला अपराध पर पुलिस पब्लिक संगोष्ठी प्रस्तावित है। अवंतिका चौकी,कविनगर जोन की द्वितीय संगोष्ठी दिनांक 13 अक्टूबर , तदनुसार रविवार सायं 4 :30 बजे 178,सेक्टर -4, चिरंजीव विहार, Learning Twist School' में होनी निश्चित हुई है। सामाजिक जागरूकता के लिए आपका महत्वपूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011